राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 141, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 06 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

चोर दरवाजे से आम आदमी पार्टी की सरकार गिराना चाहती है भाजपा .... पेज 03

जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं : सीएम योगी .... पेज 05

युगांडा ने आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा की .... पेज 07

## कर्नाटक में 63 से अधिक स्थानों पर लोकायुक्त के छापे

बेंगलुरु। (पीएमए) कर्नाटक लोकायुक्त ने मंगलवार को राज्य भर में 13 सरकारी अधिकारियों के 63 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान करोड़ों रुपये के कीमती सामान और संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए गए।

200 से अधिक लोकायुक्त अधिकारियों ने सुबह-सुबह बेंगलुरु में तीन स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। बल्लारी, कोप्पल, चिक्काबल्लापुरा, मैसूरु, कोलार जिला और धारवाड़ शहर में दो-दो स्थानों पर अलग से छापेमारी की जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (बेसकॉम) से जुड़े एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के यहां छापेमारी में उनकी पत्नी के नाम पर करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने तीन किलोग्राम सोना, 28 किलोग्राम चांदी, 25 लाख रुपये मूल्य के हीरे, 6 लाख रुपये नकद और 1.5 करोड़ रुपये मूल्य के एंटीक कलेक्शन बरामद किए। कार्यकारी अभियंता ने कथित तौर पर अपार्टमेंट और वाणिज्यिक भवनों को कनेक्शन देने के लिए रिश्वत ली।

## 'भारत में रोजाना होते हैं 4320 बाल विवाह, मामले दर्ज होते हैं सिर्फ तीन'

### इसे एक सामान्य घटना के बजाय अपराध के तौर पर देखना होगा

नयी दिल्ली। बाल विवाह मुक्त भारत' बनाने के संस्थापक भुवन ऋभु ने चिंता जताते हुए कहा कि देश में बाल विवाह गैर-कानूनी होने के बावजूद रोजाना ऐसे 4320 विवाह होते हैं, जबकि शिकायत औसतन केवल तीन मामलों की ही होती है। ऋभु ने कहा कि बाल विवाह अपराधियों से जल्द और सख्ती से निपटना चाहिए।

ऋभु ने कहा, ये आंकड़े बता रहे हैं कि हम कितनी भयावह समस्या से जूझ रहे हैं। अगर इस फासले को खत्म करना है तो बाल विवाह की सूचना अनिवार्य करने के साथ अपराधियों को सख्त




सजा एक पूर्व शर्त है। इसे एक सामान्य घटना के बजाय अपराध के तौर पर देखना होगा। इससे भी कहीं ज्यादा समस्या से निपटने के लिए समाज और न्यायिक तंत्र का लक्ष्य निरोधक कानूनी उपायों के जरिए लोगों में सजा का भय पैदा कर उन्हें बाल विवाह करवाने से रोकना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक देश में हर साल 15 लाख से ज्यादा किशोरियों का विवाह 18 साल की होने से पहले ही करा दिया जाता है। जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हालिया जारी आंकड़ों के अनुसार 2021 के मुकाबले 2022 में बाल विवाह के मामले दर्ज कराने की संख्या में पांच फीसदी की कमी आयी है। देश में 2021 में बाल विवाह के 1050 मामले दर्ज किए थे जबकि 2022 में इनकी संख्या 1002 थी।

ऋभु हाल ही में आई किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन: टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' 'पिकेट' रणनीति के जरिए 2030 तक देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए एक समग्र, लक्ष्य केंद्रित और टिकाऊ उपायों का रणनीतिक खाका पेश करती है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (2019-21) के अनुसार देश में बाल विवाह की मौजूदा दर 23.5 फीसदी है और देश के 257 जिलों में बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि देश को 2030 तक बाल विवाह से मुक्त कराने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हुए 160 से ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा महिलाओं की अगुआई में 300 जिलों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

# मिचौंग ने मचाई तबाही

### 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल; चेन्नई में 12 लोगों की मौत





चेन्नई । बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग मंगलवार दोपहर आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर ठीक 1 बजे तूफान बापटला में नेल्लोर-मछलीपट्टनम के बीच लैंडफॉल कर गया।

आईएमडी के मुताबिक, लैंडफॉल के दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। साथ ही तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। तूफान कमजोर होकर आगे बढ़ गया है।

तूफान का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में हुआ। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया से एनडीआरएफ की 29 और एसडीआरएफ की टीम ने 9500 लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया।

तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने बताया कि तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों के भीतर 3 महीने की बारिश हो गई। चेन्नई शहर बारिश की वजह से डूब गया था। इसके कारण 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

विजयवाड़ा से प्राप्त एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भीषण चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' ने तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा जिलों में लगातार बारिश और भारी आंधी के साथ तबाही मचाई। नेल्लोर, प्रकाशम, गुंटूर, कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, पूर्वी गोदावरी और रायलसीमा के कडपा तथा तिरूपति सहित तटीय आंध्र जिले मिचौंग से प्रभावित हुए हैं क्योंकि फसल, संपत्ति एवं जीवन की हानि की सूचना मिली है।

संयुक्त कडपा जिले में एक कांस्टेबल के ऊपर एक उखड़ा हुआ पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। मिचौंग चक्रवात के प्रभाव के कारण सोमवार शाम से नेल्लोर, प्रकाशम और गुंटूर जिलों में अधिकांश स्थानों पर लगातार बारिश हो रही है और सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली गुल होने से जिले के कई गांव अंधेरे में डूब गए।

जिलों से बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और पेड़ उखड़ने की खबर है। निजामपट्टनम और कृष्णापट्टनम बंदरगाहों में चेतावनी 10 जारी कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चक्रवात प्रभावित जिलों में 10,000 से अधिक लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है।

### मोदी के संविधान सम्बंधी भाषणों की पुस्तक का लोकार्पण सात दिसंबर को

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान सम्बंधी भाषणों के संकलन वाली पुस्तक 'नए भारत का सामवेद' का यहां पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द सात दिसंबर को लोकार्पण करेंगे। इस पुस्तक का आयोजन राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के 'समवेत' सभागार में गुरुवार दोपहर किया जायेगा। यह पुस्तक 'नए भारत का सामवेद' देश के मार्गदर्शक दस्तावेज़ संविधान में निहित मौलिक सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इस असाधारण प्रकाशन की सारगर्भित प्रस्तावना प्रसिद्ध पत्रकार पद्मश्री रामबहादुर राय ने लिखी है।

## करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या

### गोगामेड़ी को हमलावरों ने घर में घुसकर मारी गोली

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार दिनदहाड़े 3 बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाईं, फिर भाग निकले। गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में उनको गोगामेड़ी के घर ले जाने वाले



युवक की भी मौत हो गई। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। पुलिस के अनुसार, श्याम नगर जनपथ पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का घर है। मंगलवार दोपहर करीब 1: 03 बजे उनके घर 3 बदमाश पहुंचे। पहले तो वे सोफा पर बैठकर गोगामेड़ी से बात करने लगे। करीब 10 मिनट बाद ही दो बदमाश उठे और फायरिंग कर दी।

फायरिंग के दौरान गोगामेड़ी के गार्ड ने बचाने की कोशिश की। बदमाशों ने उस पर भी फायरिंग की।

जाते-जाते एक बदमाश ने गोगामेड़ी के सिर में भी गोली मारी। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में नवीन को गोली लग गई और उसकी भी मौत हो गई।

### जोरमथांगा ने पार्टी प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

आइजोल। मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने मंगलवार को मिजो नेशनल फ्रंट की चुनाव में हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। चुनाव में पार्टी की सीटों की संख्या 28 से गिरकर 10 रह गई। ज़ोरमथांगा (79) खुद अपनी आइज़ॉल ईस्ट-1 सीट हार गए थे। उन्होंने अपना त्याग पत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तावंलुइया को सौंप दिया। उन्होंने पत्र में कहा, मुझे लगा कि एमएनएफ के अध्यक्ष के रूप में अपना इस्तीफा सौंपना मेरा कर्तव्य है और मुझे उम्मीद है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा। तावंलुइया ने कहा कि एमएनएफ के अध्यक्ष पद से ज़ोरमथांगा के इस्तीफे पर पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति और राष्ट्रीय कोर समिति की बुधवार को आइजोल में पार्टी कार्यालय हनम रन में होने वाली बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा।

### रेड्डी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

हैदराबाद। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी गुरुवार को राज्य के नये मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस आलाकमान ने दो दिनों की बातचीत पर विराम लगाते हुए मंगलवार की शाम नयी दिल्ली में राज्य के अगले मुख्यमंत्री के लिए रेड्डी के नाम की घोषणा की। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने नयी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में, रेवंत रेड्डी को कांग्रेस विधायक दल का नेता और तेलंगाना का अगला मुख्यमंत्री बनाने के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के फैसले की घोषणा की। यह घोषणा टीपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी और पूर्व सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क की उपस्थिति में की गई। वेणुगोपाल ने कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विधायक दल की बैठक की अपनी टिप्पणियों की एक विस्तृत रिपोर्ट दी है।

## विपक्षी गठबंधन की बुधवार को होने वाली बैठक टली

एजेंसी

नयी दिल्ली। चार राज्यों की विधानसभाओं के दो दिन पहले घोषित चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के भारतीय राष्ट्रीय विकासवादी समावेशी गठबंधन( इंडिया) की बुधवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार बैठक छह दिसंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुलाई थी लेकिन चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने बैठक से दूरी बनानी शुरू कर दी जिसे देखते हुए बैठक को टाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी का बयान सोमवार को आया था कि वह व्यस्त होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। इसे गठबंधन में बड़ी दरार माना जा रहा है और इसे देखते हुए बनी असमंजस की स्थिति के कारण बैठक स्थगित की गई है।

सूत्रों ने बताया कि आज ही बिहार के मुख्यमंत्री तथा जनता दल-यू के नेता नीतीश कुमार तथा समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी बैठक में शामिल नहीं होने के संकेत दिए हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी बैठक में शामिल नहीं होने की बात कही है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने ट्वीट करके जानकारी दी थी कि गठबंधन समन्वय समिति की बैठक छह दिसंबर को शाम छह बजे पार्टी अध्यक्ष के आवास पर होनी है।

### सूरत विस्फोट में श्रमिकों की मौत पर गुजरात को मानवाधिकार का नोटिस

नयी दिल्ली। मानवाधिकार आयोग ने सूरत में एक रसायन उत्पादन फैक्ट्री में विस्फोट से सात श्रमिकों की मौत और अन्य कई के घायल होने के मामले में गुजरात सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए 30 नवंबर को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा है कि ज्वलनशील रसायनों से भरे टैंक में कथित विस्फोट, प्रथम दृष्टया, फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से सरासर लापरवाही को दर्शाता है, जिसकी जांच की आवश्यकता है क्योंकि यह पीड़ित श्रमिकों के मानवधिकारों का उल्लंघन का मामला दिखता है।

## डीएमके सांसद ने हिंदी पट्टी के राज्यों को बताया 'गोमूत्र राज्य'

### लोकसभा में द्रमुक के एक सांसद ने मंगलवार को हिंदी पट्टी के राज्यों को गोमूत्र राज्य बताकर विवाद खड़ा कर दिया

नई दिल्ली। लोकसभा में द्रमुक के एक सांसद ने मंगलवार को हिंदी पट्टी के राज्यों को गोमूत्र राज्य बताकर विवाद खड़ा कर दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि भाजपा केवल वहां चुनाव जीत सकती है, दक्षिण भारत में नहीं जीत सकती।


#### भाजपा नेता ने किया पलटवार

भाजपा नेताओं ने द्रमुक पर पलटवार किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि क्या वह उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपने 'इंडिया' गठबंधन सहयोगी की अपमानजनक टिप्पणियों से सहमत हैं। जम्मू-कश्मीर से संबंधित दो विधेयकों पर निचले सदन में बहस में शामिल हुए डी एन वी सेंथिल कुमार ने कहा कि इस देश के लोगों को यह सोचना चाहिए कि भाजपा की शक्ति केवल हिंदी भाषी राज्यों और जिसे हम आम तौर पर गोमूत्र कहते हैं, उन राज्यों में चुनाव जीतना है।

चुनाव के दौरान, सनातन धर्म के खिलाफ कुछ द्रमुक नेताओं की टिप्पणियों पर उपजे विवाद को भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल किया था। इस साल की शुरुआत में, कांग्रेस ने भाजपा के हाथ से कर्नाटक की सत्ता छीन ली थी, जबकि तमिलनाडु सहित अन्य दक्षिणी राज्यों में गैर-भाजपा दलों का शासन है।

#### 'दक्षिण भारत में नहीं आ सकती भाजपा'

लोकसभा में बोलते हुए, सेंथिल कुमार ने कहा, आप (बीजेपी) दक्षिण



भारत में नहीं आ सकते। आप केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में जो कुछ भी होता है, उसके सभी परिणाम देखते हैं, हम वहां बहुत मजबूत हैं।

सेंथिल कुमार ने कहा, हमें इस बात से बिल्कुल हैरानी नहीं होगी, अगर आप वहां पर अप्रत्यक्ष तौर पर सत्ता जमाने के लिए इन्हें केंद्र शासित प्रदेश बना देते हैं। क्योंकि हमें मालूम हैं कि आप कभी भी वहां पैर जमाने और पूरे दक्षिणी हिस्से पर नियंत्रण करने का सपना पूरा नहीं कर सकते हैं।

#### 'अहंकार के कारण होगा द्रमुक का पतन'

तमिलनाडु में, राज्य भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने सांसद की असंवेदनशील टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि पार्टी की सोच काफी कमजोर हो गई है और द्रमुक का अहंकार इसके पतन का प्रमुख कारण होगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, हमारे उत्तर भारतीय दोस्तों पानी पुरी बेचने वालों, शौचालय बनाने वालों आदि को बुलाने के बाद, आई.एन.डी.आई. एलायंस डीएमके एमपी, गोमूत्र जिब्स बनाते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा इस असंवेदनशील टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। अन्नामलाई ने कहा कि डीएमके सांसद शायद भूल गए हैं कि एनडीए गठबंधन पुडुचेरी में सत्ता में है और अब भी कर्नाटक में भी सत्ता में थी। उन्होंने पोस्ट किया, द्रमुक का अहंकार उनके पतन का प्रमुख कारण होगा!

कर्नाटक के पूर्व मंत्री सीटी रवि ने पूछा कि क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों का समर्थन करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, क्या आई.एन.डी.आई. गठबंधन के नेता राहुल गांधी इस डीएमके से सहमत होंगे, जिसने हार्टलैंड राज्यों के भारतीयों का अपमान किया है? कांग्रेस और उसके सहयोगी कब तक भारतीयों का अपमान करेंगे?

**हादसा**

### हादसे में बिहार के रहने वाले सात मजदूरों की मौत, पुलिस ने लापरवाही का मामला किया दर्ज

## 100 टन मक्के के ढेर में दबकर बिहार के सात मजदूरों की मौत

एजेंसी

विजयपुर (कर्नाटक)। कर्नाटक के विजयपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, अलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी खाद्य प्रसंस्करण इकाई के गोदाम में एक मशीन ढह जाने से लगभग 100 टन मकई के ढेर के नीचे फंसने से बिहार के सात मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी है।

#### सात लोगों की मौत

विजयपुर सोनावणे के पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश भगवान ने



समाचार एजेंसी को बताया, तीन लोग घायल हो गए, लेकिन वे फंसे नहीं थे। फंसे हुए लोगों में से एक को बचा लिया गया, जबकि सात की मौत हो गई। वे सभी मजदूर हैं। घटना सोमवार शाम की है।

#### कई घंटों तक चला बचाव अभियान

खोज एवं बचाव अभियान सोमवार शाम करीब छह बजे शुरू हुआ और मंगलवार सुबह 11 बजे तक चला। हालांकि, मामले में पुलिस ने उचित मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। इस मामले में लापरवाही करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### 100 टन मक्के के नीचे दबे मजदूर

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान सात मजदूरों के शव बाहर निकाले गए, जबकि एक व्यक्ति को बचा लिया गया है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मक्के की प्रोसेसिंग करने वाली मशीनों में मक्के से भरे फनल लगे होते हैं, जो बहुत भारी होते हैं। इसके आंशिक रूप से ढह जाने से इसके नीचे काम कर रहे मजदूर फंस गए। ये मजदूर 100 टन मक्के के नीचे फंस गए।

## भाई ने 4 दोस्तों के साथ बहन का गैंगरेप किया

### कुल्हाड़ी से काटकर हत्या की, फिर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के कंधमाल जिले में एक युवक ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर अपनी बहन (25) का गैंगरेप किया। फिर कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी। घटना 3 नवंबर की है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि सभी आरोपियों को 2 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, महिला के बड़े भाई और उसकी ननद के बीच अवैध संबंध था। महिला को इसकी भनक लग गई थी।

उसने अपने भाई को यह रिश्ता खत्म करने को कहा। ऐसा नहीं करने पर घरवालों को इसकी जानकारी देने



की बात कही।

#### जंगल में दोस्तों के साथ बहन का रेप किया

इसके बाद भाई ने बहन की हत्या का प्लान बना लिया। पुलिस ने बताया कि घटना के दिन महिला जंगल में पत्ते लाने जंगल गई थी।

इस दौरान उसके बड़े भाई ने अपने चार दोस्तों को वहां बुला लिया। सभी ने जंगल में शराब पी।

इसके बाद महिला के साथ गैंगरेप किया। रेप करने के बाद आरोपी भाई ने बहन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

#### आरोपी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई थी

आरोपी ने 6 नवंबर को पुलिस स्टेशन जाकर बहन के लापता होने कि रिपोर्ट भी लिखवाई थी।

अगले दिन 7 नवंबर को पुलिस ने जंगल से महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया। पोस्टमॉर्टम में पता चला कि महिला के साथ कई लोगों ने रेप किया और फिर उसकी हत्या कर दी।

## शार्ट न्यूज

### मंत्री की एस्कॉर्ट गाड़ी का एक्सीडेंट, 1 सिपाही की मौत, 4 पुलिसकर्मी घायल

सासाराम। (पीएमए) बिहार के अल्पंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान की एस्कॉर्ट गाड़ी मंगलवार तड़के रोहतास जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि अन्य चार पुलिसकर्मी घायल बताए गए हैं। बताया जाता है कि मंत्री अपने गृह क्षेत्र चैनपुर से वापस पटना लौट रहे थे। रास्ते में उनके एस्कॉर्ट में शामिल एक वाहन परसथुआ थाना क्षेत्र में एनएच-30 पर रूपी बांध गांव के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान कांस्टेबल जमालुद्दीन खान के रूप में हुई है। अन्य चार घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जाता है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन कोचस क्षेत्र में पुलिस लाइन की थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिक्षक भी घायल जवानों से मिले। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शाह ने स्टालिन को फोन कर चक्रवात से हुए नुकसान की जानकारी ली, हर संभव मदद का वादा

चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को फोन कर चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान की जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य को पूरा समर्थन देने का वादा किया। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, टेलीफोन पर बातचीत के दौरान श्री स्टालिन ने शाह को चक्रवात से हुए नुकसान और चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और चेंगलपट्टू जिलों में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों के बारे जानकारी दी। स्टालिन ने गृह मंत्री को यह भी बताया कि राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों के साथ एनडीआरएफ संयुक्त रूप से राहत कार्य में लगे हुए हैं। स्टालिन नेशाह से राहत कार्यों के लिए राज्य में अतिरिक्त एनडीआरएफ कर्मियों को भेजने का भी आग्रह किया। स्टालिन यह भी कहा कि चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करने के बाद केंद्र सरकार से आवश्यक सहायता मांगी जाएगी। स्टालिन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए, श्री शाह ने वादा किया कि केंद्र राहत कार्यों में राज्य सरकार को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करेगा।

### कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की निलंबित

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को साइबर सुरक्षा कारणों से अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया। कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश पीबी वराले ने कहा, हम सभी लाइव स्ट्रीमिंग रोक रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस करने की हम अनुमति नहीं दे रहे हैं। दुर्भाग्य से, कुछ शरारत की जा रही है। कोई भी शिकायत लेकर तुरंत न्यायालय रजिस्ट्री कराने न जाएं। दुर्भाग्यपूर्ण है, स्थिति एक अभूतपूर्व स्थिति है। उन्होंने कहा, कर्नाटक उच्च न्यायालय हमेशा आम लोगों के पक्ष में खड़ा है। कृपया सहयोग करने के लिये, अपने सहयोगियों से अनुरोध करें और कहें कि वे पंजीकृत कार्यालय में कंप्यूटर रूम के पास न जाएं। यही संस्था प्रणालीतंत्र के हित में है। अगर प्रेस के कुछ सदस्यों को जानकारी न हो। कृपया उन्हें बताएं! आपको सहयोग करना होगा। मुख्य न्यायाधीश ने आज सुबह अदालत में इस कदम की घोषणा की, इससे ठीक पहले उनकी अध्यक्षता वाले अदालत कक्ष में लाइव स्ट्रीम या वीडियो-कॉन्फ्रेंस स्ट्रीम अचानक रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों से सहयोग करने का आग्रह करते हुए न्यायिक संस्था को संरक्षित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

अलवर। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अलवर में आज राजपूत समाज ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। नगली सर्किल पर राजपूत समाज के लोग सड़कों पर बैठ गए और गोली मारने वाले हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग की। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। राजपूत समाज के जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी पिछले 1 साल से सरकार और प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे थे। उन्हें बार-बार धमकी मिल रही थी। उनकी जान को खतरा था। उसके बावजूद भी उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। आज दिनदहाड़े उनके निवास पर उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस हत्या के पीछे सरकार और प्रशासन की मिली भगत सामने है। हत्या करने के बाद खुलेआम हत्यारे कह कर गए हैं कि मैंने हत्या की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को फांसी दी जानी चाहिए और उनकी हत्या से पूरा राजपूत समाज आक्रोशित है।

### इज्तिमा में कानून व्यवस्था बनाएं रखने लगी अधिकारियों की डयूटी

भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में आयोजित इज्तिमा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों की डयूटी लगाई है। जिले के ईटखेड़ी के घासीपुरा गांव में सालाना तबलीगी इज्तिमा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 8 से 11 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहर से आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होगें। साथ ही विभिन्न प्रदेशों एवं अन्य स्थानों से भी मुस्लिम धर्मावलंबियों की जमातें इज्तिमा में सम्मिलित होंगी। आयोजन के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रेल मार्ग तथा सड़क मार्ग से शहर में आएंगे और आयोजन स्थल पर पहुंचेगे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आवश्यक समुचित व्यवस्थायें करने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर कार्यालय से आज यहाँ जारी आदेश अनुसार आशुतोष शर्मा अनुविभागीय दण्डाधिकारी हुजूर इज्तिमा स्थल की व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी होंगे।

### दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेलवे लाइन के कार्य की वजह से कई ट्रेने रद्द

रायपुर। दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद एवं विजयवाड़ा रेल मण्डल में तीसरी रेलवे लाइन के कार्य की वजह से 19 दिसम्बर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कई ट्रेने रद्दर रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल की विज्ञप्ति के अनुसार 07, 10, 14 एवं 17 दिसम्बर को तिरुपति से चलने वाली 12482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस 09, 12, 16 एवं 19 दिसम्बर, को बिलासपुर से चलने वाली 12481 बिलासपुर- तिरुपति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।इसी प्रकार 17 दिसम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 12851 बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस तथा 18 दिसम्बर को चेन्नई सेंट्रल से चलने वाली 12852चेन्नई सेंट्रल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। विज्ञप्ति के अनुसार 17 दिसम्बर को तिरुनेलवेली से चलने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेणिगुंटा जंक्शन-गुंतकल जंक्शन-सुलेहल्ली-सिकंदराबाद- काजीपेट- बल्हारशाह होकर रवाना होगी।

### बालरंग महोत्सव 19 से 21 दिसंबर तक

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय 'बालरंग' महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग अरविंद चोरगढ़े ने बताया कि राज्यस्तरीय बालरंग में प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रीय बालरंग में विभिन्न राज्यों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इस वर्ष बालरंग महोत्सव की थीम आत्मनिर्भर भारत होगी, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान आदि को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करेंगे। लगभग 20 राज्यों से सहभागिता करने आ रहे छात्र-छात्राएं अपने राज्य के लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय बालरंग में उत्कृष्ट लोकनृत्य के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नृतक दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। चोरगढ़े ने बताया कि राज्यस्तरीय बालरंग में सांस्कृतिक, साहित्यिक, योग, संस्कृत, निशक्तजन एवं मदरसा प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय लोक नृत्य, गतिविधि आधारित प्रदर्शनी एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न जिलों एवं राज्यों के खाद्य पदार्थ (फूड जोन) की प्रदर्शनी और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

# आईपीएल के लिए तैयार होगा नोएडा स्टेडियम

## 40 हजार लोग एक साथ देखेंगे, 15 वीआईपी बाक्स, प्रैक्टिस के 6 पिच होंगी

नोएडा। नोएडा क्रिकेट स्टेडियम को आईपीएल के लिए तैयार किया जा रहा है। सेक्टर-21ए में स्थित ये स्टेडियम अगले साल होने वाले आईपीएल तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। स्टेडियम को बीसीसीआई और आईसीसी के मानकों के अनुसार बदला जा रहा है। इसमें फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। जिससे डे-नाइट मुकाबले यहां हो सकेंगे।




40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नोएडा क्रिकेट स्टेडियम का इन्फ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय मैचों को देखते हुए तैयार किया गया था। लेकिन फ्लड लाइट सबसे बड़ी बाधा थी। इसके चलते यहां इंटरनेशनल मुकाबले कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण आगे नहीं आ रहा था। अब स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाई जाएंगी।

इसके अलावा 30 हजार कुर्सियों के साथ 15 वीआइपी बॉक्स लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस पिच समेत अन्य सुविधाओं पर भी काम होगा। इसका टेंडर हो चुका है। दिसंबर लास्ट या जनवरी में काम शुरू हो जाएगा।

### 60 फीट ऊंचाई के छह और टावर लगाए जाएंगे

60 फीट ऊंचाई के चार या छह टावर लगाए जाएंगे। इसमें एक लाइट का खर्च करीब 4 से 5 करोड़ के आस-पास का होगा। इसके अलावा लाइट लगाने वाली कंपनी को ही करीब 15 साल तक इसका रखरखाव करना होगा। इसके अलावा दोनों पवेलियन में एक-एक गैलरी और बालकनी भी होगी। स्टेडियम में रोशनी और बैठने के साथ स्कोरिंग और दूसरे संसाधनों पर भी काम होगा। डिजिटल और मैनुअल स्कोर बोर्ड लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस के लिए छह पिच तैयार की जाएगी। पिच के अलावा आउट फील्ड को भी बेहतर बनाया जाएगा।

### स्टेडियम के चारों ओर होगी पार्किंग , सड़क पर नहीं दिखेंगे एक भी वाहन

अधिकारियों ने बताया कि मैच के दौरान यहां पार्किंग की समस्या नहीं होगी। इसके लिए नोएडा स्टेडियम में रामलीला मैदान, इनडोर स्टेडियम की 200 पार्किंग क्षमता के अलावा सेक्टर-25ए में सामने खाली मैदान का प्रयोग भी किया जा सकेगा।

### यह होंगी सुविधाएं

स्टेडियम के साउथ और नॉर्थ पवेलियन को वीआईपी के लिए तैयार किया जाएगा, यहां लिफ्ट भी लगाई जाएंगी।

स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच के लिए अलग पिच तैयार करने के अलावा पांच अभ्यास पिच भी तैयार होंगी।

# नीतीश कुमार आईएनडीआईए की बैठक में नहीं शामिल होंगे



**पटना।** (पीएमए) आईएनडीआईए गठबंधन की कल (बुधवार) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होने वाली बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल नहीं होंगे। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आहूत की है। बैठक में पांच राज्यों के हालिया चुनाव नतीजों पर मंथन औप आगामी रणनीति पर चर्चा होनी है।

विपक्षी गठबंधन के सूत्रधार नीतीश कुमार ने बीमार होने के कारण दिल्ली न जाने का फैसला किया है। इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव के अलावा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और मंत्री संजय झा शामिल होंगे। इस बैठक को अहम माना जा रहा है। इसमें संयोजक के नाम के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना है।

पांच राज्यों में गठबंधन में शामिल दलों ने अलग- अलग चुनाव लड़ा है। क्षेत्रीय दलों का मानना है कि इसी वजह से तीन राज्यों में भाजपा को जीत मिली। जदयू और राजद का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस अपनी हार के लिए खुद जिम्मेवार है। मिलकर चुनाव लड़ा जाता तो नतीजे कुछ और होते। नीतीश कुमार की पहल पर केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए बने इस गठबंधन में पांच राज्यों के चुनाव पर सीटों के बंटवारे की बात होने के बाद कांग्रेस ने चुप्पी साध ली थी। पिछले दिनों खुद नीतीश ने कांग्रेस के रवैये पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि हमलोग कांग्रेस को जिताने के लिए काम कर रहे हैं लेकिन उसे विपक्षी गठबंधन से कोई मतलब नहीं है।

# गांव मजबूत होंगे तभी झारखंड मजबूत होगा : हेमंत

कोडरमा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गांव को मजबूत करने का संकल्प दुहराते हुए आज कहा कि राज्य के गांव जब मजबूत होंगे तभी प्रदेश मजबूत होगा।

सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में है, गांव मजबूत होंगे तभी राज्य मजबूत होगा। उन्होंने कोडरमा और गिरिडीह के अभ्रक उद्योग पर चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अभ्रक को लेकर पॉलिसी बनाई, काम भी आगे बढ़ा लेकिन कुछ लोगों ने हवा दे दी किइसमें यूरेनियम का अंश है। अब इसकी जांच चल रही है। कुछ लोग है जो अभ्रक खदान से जुड़ी समस्याओं का निदान नहीं चाहते हैं। केबल दूसरे माध्यम से जेब भरने में लगे हैं। तमाम अड़चनों के बावजूद सरकार इस समस्या का भी हल निकालेगी।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कार्यक्रम का तीसरा चरण चल रहा है। शिविरों के माध्यम से गांव और दूर दराज के इलाकों में किस तरह की समस्या है, इसका पता चलता है। पदाधिकारी और कर्मचारियों के माध्यम से इसका पता नहीं लगता ह। उन्होंने कहा कि पहले शिविर में 35 लाख और दूसरे में 55 लाख आवेदन मिले। एक करोड़ आवेदन आए, मतलब पूर्व की सरकार में ना अधिकारी और ना ही कर्मचारी काम करते थे।

# नोएडा में नहीं मिली अतीक व 9 लोगों की संपत्ति

## प्राधिकरण ने प्रयागराज कमिश्नरेट को भेजा पत्र; आशंका किसी अन्य नाम से ली गई है प्रॉपर्टी

नोएडा। माफिया अतीक अहमद ने कितनी प्रॉपर्टी बनाई थी ? ये सवाल अब भी कायम है। क्योंकि प्राधिकरण की जांच में नोएडा में अतीक की संपत्ति का विवरण नहीं मिला है। अधिकारियों को शक है कि अतीक और उसके परिवार के नाम पर यहां संपत्ति न होकर किसी और नाम से ली गई हो सकती है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है। हालांकि प्रयागराज कमिश्नरेट को नोएडा प्राधिकरण की ओर से जवाब भेज दिया गया है।

प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने बताया कि प्रयागराज कमिश्नरेट की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्राधिकरण के लैंड, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री, कॉमर्शियल में अतीक और उससे जुड़े 9 लोगों की



संपत्ति का विवरण तलाश किया गया। करीब 10 दिन तक फाइलों को खंगाला गया। लेकिन, एक भी संपत्ति का विवरण इन लोगों से संबंधित नहीं मिला। हालांकि वह इस बात से इनकार नहीं कर रहे कि इन लोगों से जुड़ी संपत्ति नोएडा में नहीं है। हो सकता है वह किसी और नाम से ली गई हो। इसलिए प्रयास अब भी जारी है।

इस साल अप्रैल में भाई अशरफ संग अतीक के मारे जाने के बाद अतीक का परिवार इन बची हुई संपत्तियों को मैनेज करने के लिए परेशान है। पता चला है कि पिछले कुछ समय से परिवार नोएडा की प्रॉपर्टी बेचने की फिराक में है। अतीक के बेटों के दोस्त सौदा तय कर रहे हैं। कई रिश्तेदार भी इसमें लगे हैं। उधर, पुलिस अवैध रूप से अर्जित करोड़ों की जमीन की तलाश में है। इस क्रम में ये पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया था। पत्र में स्पष्ट था कि अतीक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर 14 (आई) एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में अतीक अहमद , अशरफ अतीक की पत्नी शाइस्ता, अशरफ की पत्नी जैनम और अतीक के पुत्र अली, उमर, असद, एहजम और आबान की संपत्ति का विवरण तलाशने के लिए कहा गया था।

### आईएस-227 गैंग से जुड़े लोगों बेनामी संपत्ति की जा रही जब्त

बता दें अतीक और उसके गैंग आईएस-227 से जुड़े गैंग मेंबरों की अवैध तरीके से अर्जित नामी-बेनामी संपत्ति जब्त करने का सिलसिला जारी है। पुलिस, ईडी ने अब तक अतीक, अशरफ और उसके परिवार की 12 हजार करोड़ की संपत्ति को चिह्नित कर कार्रवाई की है। अतीक की ज्यादातर संपत्ति दूसरे के नामों पर रही हैं। अब परिवार के लोग चुपके से उस जमीन को बेच रुपए अर्जित करने में लगे हैं ताकि करोड़ों की इस जमीन को भी कुर्क न कर लिया जाए।

# विस चुनावों में हार के लिए कुछ हद तक कांग्रेस जिम्मेदार न कि विपक्षी गठबंधन : उमर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली शिकस्त के लिए कुछ हद तक कांग्रेस जिम्मेदार है न कि विपक्षी गठबंधन।



अब्दुल्ला ने अपने दादा शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की जयंती पर समाधि स्थल पर एक समारोह से इतर पत्रकारों से कहा, तीन राज्योंज्छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार। विधानसभा चुनाव कुछ हद तक कांग्रेस की विफलता है, न कि 'इंडिया' एलायंस की।

यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस तीन राज्यों के नतीजों से संतुष्ट नहीं है, उन्होंने कहा, चुनाव ऐसे ही होते हैं.. आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं। आप केवल उन चुनावों से संतुष्ट नहीं हो सकते जो आपने जीते हैं। आपको भी हार स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, दुर्भाग्य से कांग्रेस हार गई है और सुप्रीम कोर्ट जाने के बजाय उसे विश्लेषण करने की जरूरत है क्योंकि कुछ लोगों ने दीवार पर लिखी इबारत बहुत पहले ही देख ली थी। मेरे एक भाजपा मित्र संसद सदस्य ने दो महीने पहले मुझे बताया था कि भाजपा छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने जा रही है। मैं उस समय हंसा क्योंकि कोई भी भाजपा को छत्तीसगढ़ देने के लिए तैयार नहीं था। अगर उन्हें इसकी जानकारी थी तो कांग्रेस को क्यों नहीं।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा को विधानसभा चुनावों हार मिलती है तो वे कहते हैं कि यह केंद्रीय चुनाव नहीं है और कहते हैं कि इसका संसद चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### एसजीपीसी, अकाली दल का धरना तीसरे दिन भी जारी

अमृतसर/सुल्तानपुर लोधी। सुल्तानपुर लोधी में गुरुद्वारा श्री अकाल बुंगा साहिब पर पुलिस फायरिंग के विरोध में शिरोमणि अकाली दल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का धरना मंगलवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया। एसजीपीसी के महासचिव राजिंदर सिंह मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग धरने में शामिल हुये। धरने के दौरान प्रवक्ताओं ने तीखे शब्दों में पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठाये और उसे सुल्तानपुर लोधी के गुरुद्वारा साहिब में हुई घटना के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया।

# हिमाचल में कार खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में कार गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गए जबकि दो अन्य घायल हो गये।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के जंजैहली में शादी समारोह से लौट रही कार गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों से भरी एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा सोमवार देर शाम पेश आया। हादसे के दौरान गिरती हुए कार से चार लोग बीच में ही छिटक कर बाहर गिर गए। बर्फबारी व बारिश बचाव अभियान में बाधा बनी, लेकिन सभी को खाई से निकाल लिया गया। मृतकों की पहचान मदन लाल (60) पुत्र देवी राम और उसकी पत्नी जयवंती (60) निवासी गडौन और भीम सिंह (35) पुत्र धर्म चंद निवासी चिमटी के रूप में हुई है। जबकि घायलों में कुशमा दैवी पत्नी लुहेंद्र निवासी धार और मुरारी लाल पुत्र भोप सिंह निवासी थाच के रूप में पुलिस ने की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी सागर चंद्र ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है और सर्च ऑपरेशन जारी है। उन्होंने आज तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया है और परिजनों को सोंप दिये गये है।

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों से मिट्टी की जांच कराने की अपील

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के कृषि विस्तार अधिकारी प्रभदीप सिंह गिल ने विश्व मृदा दिवस पर मंगलवार को किसानों से मिट्टी की जांच करवाने और विभाग का सहयोग करने की अपील की। गिल ने कहा कि किसानों को धान की पराली और गेहूं की नाड़ या अन्य अवशिष्ट को जलाना नहीं चाहिये बल्कि उसे खेत में ही मिला देना चाहिए, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा है कि कृषि अपशिष्ट जलाने से हमारी भूमि के उपजाऊ तत्व नष्ट हो जाते हैं, इससे पर्यावरण भी प्रदूषित होता है और कभी-कभी इसका धुंआ और आग भी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि किसान प्रकृति का सच्चा मित्र है और जो किसान पूरी दुनिया का पेट भरता है उसे प्रदूषण उत्पादक नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि किसान पूरे समाज का सम्माननीय है और पूरा समाज उनसे पराली न जलाने की अपील करता है। गिल ने कहा कि पर्यावरण में दबाव के कारण जो बदलाव आ रहे हैं उसका सबसे ज्यादा असर हमारी खेती पर पड़ता है और हमने देखा है कि पिछले दिनों हुई लगातार बारिश ने किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।

# 'व्यवस्था परिवर्तन का एक साल' पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय समारोह : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 11 दिसम्बर, 2023 को कांगड़ा जिला के पुलिस मैदान, धर्मशाला में 'व्यवस्था परिवर्तन का एक साल' विषय पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी शामिल होगा।

श्री सुक्खू ने यह बात इस समारोह के आयोजन सम्बंधी विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा के लिए मंगलवार को यहां राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध समय रहते पूरे करने तथा इसमें भाग लेने वाले लोगों को हरसम्भव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समारोह से सम्बंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक संजय रतन व केवल सिंह पठानिया जिला प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे।

श्री सुक्खू ने सभी विभागों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा प्रबंधों, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व मोबाइल शौचालय इत्यादि के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने पुलिस विभाग को वाहनों के सुचारू यातायात व पार्किंग इत्यादि के लिए पुख्ता प्रबंध करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए पुलिस मैदान में बड़ी एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएंगी। उन्होंने समारोह के दौरान स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े कांगड़ा जिला के उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को भी आयोजन से सम्बंधित दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक केवल सिंह पठानिया, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडु, प्रधान सचिव ओंकार चंद शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव अभिषेक जैन, एम.सुधा देवी, सी.पॉलरासु व राकेश कंवर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आंध्र प्रदेश सरकार चक्रवाती तूफान से निपटने में विफल रही : नायडू

विजयवाडा। तेलुगु देशम पार्टी (तेदपा) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार चक्रवात पीड़ितों को आश्रय प्रदान करने और भोजन तथा पानी आपूर्ति करने में पूरी तरह से विफल रही है।



नायडू ने आज यहां एक बयान में कहा, सरकार चक्रवात से होने वाले नुकसान की रोकथाम करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है और उनकी ओर से बाढ़ प्रभावितों को किसी तरह की सहायता नही दी जा रही है।

तेदपा अध्यक्ष नायडू ने मिचौंग तूफान के कारण बाढ़ पीड़ितों में से कुछ से फोन पर बातचीत की और उन्हें दी जा रही सहायता के बारे में पूछा, तो पीड़ितों ने उन्हें बताया कि उन्हें भोजन, पानी कुछ भी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। श्रीनायडू ने चक्रवाती तूफान के प्रभाव पर राज्य भर के 12000 से अधिक पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ टेलीकांफ्रेंस के जरिये बातचीत की और तूफान से प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी ली।

तेदपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं और कैडर को सरकार की ओर से किसी भी मदद की प्रतीक्षा किए बिना, चक्रवात से प्रभावितों के लिए भोजन और पानी की आपूर्ति सहित हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा, तेदपा चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहती है और इस संकट की घड़ी में हम सभी को प्रभावितों की मदद करनी चाहिए। नायडू ने दावा किया, जब राज्य में हुदहुद चक्रवात आया था तो सरकारी आदेश (जीओ) नंबर 9 जारी करके अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया और तितली तूफान के दौरान जीओ नंबर 14 के माध्यम से वित्तीय मदद दी गई और तेदपा किसानों के साथ खड़ी रही थी।

### विधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में सुनवाई जारी, बचाव में पेश किये कई तथ्य

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अपने बचाव में कई तथ्य रखे गये। न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की पीठ इस मामले में सुनवाई कर रही है। आज भोजनावकाश के बाद इस प्रकरण पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से जोरदार ढंग से अपना पक्ष रखा गया और कई तथ्य पेश किये गये। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता देवदत कामत की ओर से उनका पक्ष रखा गया। याचिकर्ताओं की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर विधानसभा सचिवालय की ओर से यह कार्यवाही की गयी है। जो कि गलत है। मुख्यमंत्री को विधानसभा के मामले में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से इस मामले में शीर्ष अदालत के निर्णय का हवाला भी दिया गया है। यही नहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन सदस्यीय जांच कमेटी पर भी सवाल उठाये गये। कहा गया कि जांच कमेटी विधानसभा नियमावली के तहत गठित नहीं की गयी।

## शार्ट न्यूज

### शातिर चोरों के गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा , 4 चोर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के कासना थाना पुलिस ने चोरों के गिरोह का खुलासा किया। इस दौरान चोरों के गिरोह के चार चोरों को गिरफ्तार किया गया। इन चोरों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 30 हजार की नकदी व तमंचे आदि बरामद किए है। घरों में रेकी करने के बाद यह चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे। ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में एक घर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद पुलिस के द्वारा दो टीमों का गठन किया गया। इन चोरों की तलाश में दोनों टीम जुट गई। लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने अमीचंद इंटर कॉलेज के पास से चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों की निशानदेही पर चोरी किया हुआ सामान भी बरामद किया। कासना पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे कारतूस 6 मोबाइल फोन 30 हजार रुपये की नकदी वह अन्य सामान बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने दनकौर निवासी अंकित, दिल्ली निवासी पीयूष, कासना निवासी आयुष और बुलंदशहर निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया।

### ग्रेटर नोएडा में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने छपरौला में अधिसूचित एरिया पर अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया और करीब 25000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया है। यह जमीन करोड़ों रुपए की बताई जा रही है। कॉलोनाइजर यहां पर अवैध कॉलोनी काट रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने छपरौला गांव में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। प्राधिकरण के एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि यह जमीन ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में है। यहां पर बाउंड्री बनाकर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर परियोजना विभाग की टीम प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों, स्थानीय पुलिस व पीएसी के साथ मौके पर पहुंच गई। लगभग 25000 पर मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कर लिया।

### गाजियाबाद में चला बुलडोजर

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के लोनी तिराहे पर अतिक्रमण हटाया गया। नगर पालिका परिषद, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। नाले पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। जिन्होंने अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया, उनका सामान भी जब्त किया गया। लोनी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा ने बताया की लोनी क्षेत्र के लोनी तिराहे पर अतिक्रमण हटाने का कार्य चल रहा है। नाले पर जिन्होंने भी अस्थाई दुकान बनाई है, वह हटाई जा रही है। इसके अलावा जिसने भी अतिक्रमण किया है, उसको भी ध्वस्त किया जा रहा है। अतिक्रमण करने वालों ने अगर अपना सामान स्वयं हटा लिया तो ठीक है, नहीं तो सामान भी जब्त किया जा रहा है। इस दौरान लोनी एसीपी सूर्यबली मौर्य के नेतृत्व में पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। नाले पर अतिक्रमण होने के चलते इसकी साफ सफाई नहीं हो पाती है, जिसको लेकर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहेगा।

### वकीलों ने कलक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले की लोनी बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने मंगलवार को एक ज्ञापन कलक्ट्रेट में, एडीएम को सौंपा। वकीलों ने कहा कि लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने की तैयारी चल रही है। लेकिन हम चाहते हैं कि लोनी नगर पालिका एकदम अलग नगर निगम बने। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा, लोनी पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाली नगर पालिका परिषद है। ये क्षेत्र दिल्ली से एकदम सटा हुआ है। भाजपा अपने तमाम प्रयासों के बावजूद यहां पर अपना चेयरमैन नहीं बना पाई है। ऐसे में लोनी सहित गैर भाजपा शासित नगर पंचायतों-पालिकाओं की संवैधानिक लोकतंत्र जनमत व्यवस्था को खत्म करने की साजिश की जा रही है। इसके तहत लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने की तैयारी चलने की खबरें चर्चाओं में हैं। जनहित में ये प्रस्ताव निरस्त किया जाए और लोनी नगर पालिका को ही अलग से नगर निगम बनाया जाए। लोनी बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ये ज्ञापन एडीएम को सौंपा और इस पर अमल करने की मांग की।

### गाजियाबाद में पुलिस के खिलाफ हुई पंचायत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के मसौता गांव में सोमवार को एक बड़ी पंचायत हुई। यह पंचायत पुलिस के खिलाफ थी। पंचायत में कहा गया कि पुलिस की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से की जाएगी। इससे बड़ी हैरानी की बात यह है कि पुलिस के खिलाफ हुई पंचायत के मामले में जब पुलिस से पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में 26 तारीख में नोएडा पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। इस मामले में थाना मसूरी पुलिस ने नोएडा पुलिस की तहरीर पर ग्रामीणों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को इसको लेकर मसौता ग्राम में पंचायत हुई। पंचायत में ग्रामीणों और बाहर से आये लोगो ने कहा कि इलाके के एसीपी और थाना प्रभारी ने गांव वालों को गोली मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसके डर से गांव वाले फरार है।

# संस्कृत संस्कृति की पहचान तथा प्रगति का आधार भी : मुर्मु

## संस्कृत की व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देती है

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संस्कृत भाषा को देश की संस्कृति की पहचान तथा संवाहक बताते हुए आज कहा कि यह देश की प्रगति का भी आधार है।

मुर्मु ने मंगलवार को यहां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में कहा ,संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और संवाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। संस्कृत की व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देती है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत आधारित शिक्षा प्रणाली में गुरु या आचार्य को अत्यधिक महत्व दिया



गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र इस परंपरा का पालन करेंगे और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे और शिक्षक भी छात्रों को जीवन भर आशीर्वाद देंगे और प्रेरित करेंगे। उन्होंने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि हमारी परंपराओं में जो कुछ भी वैज्ञानिक और उपयोगी है, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए और जो कुछ भी रूढ़िवादी, अन्यायपूर्ण और उपयोगहीन है, उसे अस्वीकार किया जाना चाहिए। विवेक को सदैव जागृत रखा जाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पना की गई है कि युवा भारतीय परंपराओं में विश्वास रखते हुए 21वीं सदी की दुनिया में अपना उचित स्थान बनाएं। हमारे देश में नैतिकता, धार्मिक आचरण, परोपकार और सर्व-कल ?याण जैसे जीवन मूल्यों पर आधारित प्रगति में ही शिक्षा को सार्थक माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में उन लोगों के लिए कुछ भी हासिल करना मुश्किल नहीं है, जो हमेशा दूसरों के कल्याण में लगे रहते हैं।

मुर्मु ने कहा कि किसी भी संवेदनशील समाज की पहचान सर्व-समावेशी प्रगति से होती है। उन्होंने श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से छात्राओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर प्रदान करने का आग्रह किया।

# 'बंद हो जांच एजेंसियों का दुरुपयोग' : राघव चड्ढा

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा मंगलवार को संसद पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। संसद परिसर में महात्मा गांधी के स्टेच्यू के पास आप सांसदों ने प्रदर्शन किया। बीते सोमवार को पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का 115 दिनों बाद निलंबन रद्द हुआ।

संसद परिसर में आप सांसद राघव चड्ढा के अलावा अन्य पार्टी के सांसद भी नजर आए। सभी के हाथों में तख्ती नजर आई। इन तख्तियों पर लिखा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो, मनीष सिसोदिया को रिहा करो, संजय सिंह को रिहा करो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो। आम आदमी पार्टी सिर्फ संसद ही नहीं दिल्ली में भी शराब घोटाले को लेकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। सीएम केजरीवाल को जेल से सरकार चलानी चाहिए या नहीं इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान जारी



है। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा का 115 दिनों के बाद सोमवार को संसद में एक प्रस्ताव लाकर उनका निलंबन रद्द कर दिया। निलंबन रद्द होने के बाद राघव चड्ढा संसद पहुंचे। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मैंने आज संसद परिसर में महात्मा गांधी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बापू का जीवन हमें सिखाता है कि चुनौती कितनी भी कठिन क्यों न हो, सत्य की हमेशा जीत होती है। राघव चड्ढा ने आगे कहा कि 11 अगस्त 2023 को मुझे संसद से निलंबित कर दिया गया था। अपना निलंबन रद्द कराने के लिए मुझे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा और कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मेरा निलंबन समाप्त हुआ है।

# नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी की सजा बरकरार

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी की सजा बरकरार रखते हुए पीड़ितों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। अदालत ने कहा कि ये घटनाएं न केवल महिलाओं को शैक्षिक अवसरों से वंचित करती हैं बल्कि इसके परिणामस्वरूप उन्हें जीवन भर मनोवैज्ञानिक आघात भी झेलना पड़ता है।

इस मामले में आईपीसी की धारा 363, 376 (2) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि पीड़ितों को अक्सर यह सोचकर गुमराह किया जाता है कि वे वैवाहिक संबंध में प्रवेश कर रहे हैं, हमलावर पीड़ितों को मजबूर करने के लिए यौन उत्पीड़न को वैवाहिक शारीरिक संबंध के रूप में पेश करते हैं। इसके दुष्परिणाम व्यक्तिगत पीड़ितों से कहीं आगे तक बढ़ते हैं, जिससे इन लड़कियों को उनके साथियों, पढ़ाई और वैध संरक्षकता से दूर कर सामाजिक हलचल पैदा होती है।

पीड़िता के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस को नाबालिग पीड़िता आरोपी के साथ मिली ।अदालत ने पाया कि आरोपी ने पीड़िता का अपहरण कर लिया था, जिसके कारण संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

# चोर दरवाजे से आम आदमी पार्टी की सरकार गिराना चाहती है भाजपा

## दिल्ली के लोग सिर्फ अरविंद केजरीवाल को ही वोट देंगे, इसीलिए मोदी सरकार ये साजिश रच रही है : गोपाल राय

नई दिल्ली। 'मैं भी केजरीवाल' डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान पर दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि जनता जान चुकी है कि आम आदमी पार्टी पर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। इन झूठे आरोपों को लगाने का एक ही कारण है कि भाजपा को पता है कि वो चुनावों में अरविंद केजरीवाल को नहीं हरा सकती। दिल्ली के लोग सिर्फ अरविंद केजरीवाल को ही वोट देंगे, इसीलिए मोदी सरकार साजिश रच रही है। भाजपा चोर दरवाज़े से आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराना चाहती है। हम भाजपा के षड्यंत्र को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। हम भाजपा



द्वारा बिछाए गए जाल में फंसने वाले नहीं हैं। भाजपा के षड्यंत्र को विफल करने के लिए हम दिल्ली के लोगों के बीच जा रहे हैं और उनसे राय शुमारी कर रहे हैं।

दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने आगे कहा कि जितने भी लोगों से हम बातचीत कर रहे हैं, उनकी राय एकदम स्पष्ट है। दिल्ली का हर एक व्यक्ति ये समझता है कि किस तरह से आम आदमी पार्टी पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। दिल्ली की जनता एक सुर में कह रही है कि अरविंद केजरीवाल को हमने दिल्ली के सीएम की कुर्सी पर बिठाया है। केजरीवाल जी को ही दिल्ली का मुख्यमंत्री रहना चाहिए, चाहे उन्हें गिरफ़्तार ही क्यों न कर लिया जाए? जनता का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है। इसलिए उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। लोगों ने यह भी कहा कि ये सारी गिरफ्तारियां एक मकसद के तहत हो रही हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

उधर, मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान के तहत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने कार्यकर्ताओं संग अपनी विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर के प्रेम नगर फाटक से डोर टू डोर अभियान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले चार दिन से दिल्ली में आम आदमी पार्टी मैं भी केजरीवाल अभियान चला रही है। इस मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक पर्चा लेकर घर-घर जा रहे हैं और आम जनता को इस बारे में बता रहे हैं कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेताओं को मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद करने का काम कर रही है।

# दिल्लीवालों को मुफ्त सुविधाएं न मिले, इसलिए भाजपा साजिशन सीएम केजरीवाल को जेल में डालना चाहती है : राज कुमार आनंद

## दिल्ली में मिली हार का बदला लेने के लिए भाजपा झूठे षड्यंत्र रच रही है, इससे आप डरने वाली नहीं : राज कुमार आनंद

नई दिल्ली। मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान के तहत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने कार्यकर्ताओं संग अपनी विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर के प्रेम नगर फाटक से डोर टू डोर अभियान किया। इस अभियान के जरिए आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता तक भाजपा के षडयंत्रों का काला सच पहुँचाने का काम कर रही है। साथ ही साथ उनका मत जानने की कोशिश कर रही है कि यदि अरविंद केजरीवाल को भी झूठे मुक़दमे में गिरफतार किया जाता है तो क्या उनको जेल से सरकार चलानी चाहिए। अभियान में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है । जनता खुलकर कह रही है कि जानबूझकर भाजपा आम आदमी पार्टी के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। जनता कह



रही है कि बीजेपी दिल्ली में मिली हार का बदला ले रही है। मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि पिछले चार दिन से दिल्ली में आम आदमी पार्टी मैं भी केजरीवाल अभियान चला रही है। इस मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक पर्चा लेकर घर-घर जा रहे हैं और आम जनता को इस बारे में बता रहे हैं कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेताओं को मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी सन्दर्भ में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता इस बात की धमकी भी दे चुके हैं कि अब आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा जाएगा। राज कुमार आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सरकार चलाने के लिए दिल्ली की जनता ने बहुमत दिया था। इसी कारण हम दिल्ली की जनता के पास जाकर उनसे उनका मत जानने के लिए यह अभियान चला रहे हैं और जनता की तरफ से जो भी प्रतिक्रिया हमें प्राप्त होती है, हमारे कार्यकर्ता उसे एक रजिस्टर में दर्ज करके पूरी दिल्ली से एक डाटा इकट्ठा कर रहे हैं। मंत्री राज कुमार आनंद ने बताया कि जनता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति से बेहद खुश है और वह जानती है कि बीजेपी आम आदमी पार्टी के नेताओं को और उसके मुखिया को सजीशन परेशान कर रही है। दिल्ली का बेटा केजरीवाल दिल्ली के हर नागरिक की हर सुविधा का ख्याल रखता है, चाहे मुफ्त, बिजली पानी हो या महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा और बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा। दिल्ली के हर परिवार को महीने के खर्चों में जो बचत होती है वह केजरीवाल सरकार की जनकल्याण नीतियों की वजह से है। उन्होंने बताया कि न केवल घर के आदमी ही बल्कि गृहणी,, स्कूलकॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे भी इस बारे में भली भांति जानते है कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद कर रही है ।

# प्राधिकरण की वादाखिलाफी से नाराज किसान, कमिश्नरेट ऑफिस पहुंचे

नोएडा। प्राधिकरण की वादा खिलाफी से परेशान होकर भारतीय किसान यूनियन (मंच) पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया। इसके बाद सुरजपुर में जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी नितिन मदान को दिया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने दोनों अधिकारियों को बताया कि नोएडा प्राधिकरण किसानों के साथ बार-बार लिखित समझौते करता है। फिर लिखित समझौते पर अमल नहीं करता। इस कारण किसानों के अंदर भारी रोष है। पूर्व में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने भी किसानों की समस्या के समाधान में सहयोग करने का आश्वासन दिया था। उनके सहयोग से ही लखनऊ में नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन से बैठक कराई। उन्होंने बताया कि 02 सितंबर 2023 को नोएडा प्राधिकरण की 212वी बोर्ड बैठक में किसानों को 10त्न प्लाट या धनराशि देने का निर्णय बोर्ड बैठक में रखा। लेकिन इसमें भी शब्दों का खेल नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया। किसान नेता अशोक चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण में किसानों को दिए गए मुआवजे की जांच एसआईटी कर रही है। लेकिन भूमि अधिग्रहण करते समय नोएडा प्राधिकरण ने किसानों से करार किया था की आपकी भूमि अर्जित करने के बाद सभी किसानों को 10 प्रतिशत के प्लाट दिए जाएंगे लेकिन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के किसानों को 10 प्रतिशत के प्लाट नहीं दिए जा रहे हैं। यह भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का महा घोटाला है, किसानों का यह पक्ष भी एसआईटी के सामने रखा जाए और भू अर्जन की शर्तों का पालन कराया जाए।

# मेवाड़ में गांव के राष्ट्रशिल्पी पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित

## गांवों से ही निर्मित होगा आत्मनिर्भर भारत :प्रो.अरुण कुमार

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार नीलम गुप्ता की नवीनतम प्रकाशित पुस्तक 'गांव के राष्ट्रशिल्पी' के लोकार्पण समारोह में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि आज हम जिस आत्मनिर्भर भारत की बात कर रहे हैं वह आत्मनिर्भर भारत गांवों से ही निर्मित हो सकेगा। निर्माण की इस प्रक्रिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्रामशिल्पी कार्यक्रम और ग्रामशिल्पी भूमिका दोनों पुस्तक ने उसके केन्द्र में ला खड़े किये हैं। लोकार्पण समारोह वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया।

विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने कहा कि अब गांव भी शहरों जैसे सम्पन्न हो चुके हैं। सड़कों का जाल गांवों तक फैल चुका है। अब गांव विकास की नई राह पर हैं। ऐसे में ग्रामशिल्पी का स्वप्न साकार होता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बदलते युग ने गांवों की परिभाषा भी बदली है। वरिष्ठ पत्रकार




जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि अपनी तमाम सीमाओं के बावजूद ग्रामशिल्पी एक हद तक लोकशक्ति को जगाने में कामयाब रहे। इससे पता चलता है कि सौ साल बाद भी गांधी की आत्मा गुजरात विद्यापीठ में जीवंत है और वहां आने वालों को प्रभावित करती है। नीलम गुप्ता की पुस्तक में इस बात का बखूबी उल्लेख किया गया है। ग्रामशिल्पी राधा कृष्ण ने आगरा जिले के एक गांव में ग्रामशिल्प के किये जा रहे अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया और नौजवानों को गांवों में श्रमदान करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामशिल्पियों पर पुस्तक लाने पर नीलम गुप्ता का आभार भी व्यक्त किया। विशिष्ट वक्ता मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी और मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में ग्रामीण युवाओं व युवतियों के लिए किये जा रहे रोजगारपरक एवं शिक्षाप्रद कार्यों को ग्रामशिल्प का अनूठा उदाहरण बताया। साथ ही गांवों से शहरी नौजवानों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि नौजवानों को साथ लेकर गांवों में विकास कार्यक्रम चलाने की आज महती आवश्यकता है। गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलनायक प्रोफेसर राजेन्द्र खिमाणी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पढ़े-लिखे युवा गांवों में जाएं और ग्रामशिल्पी बनें। अपने जीवन को सादगीपूर्ण ढंग से जिएं। गुजरात विद्यापीठ द्वारा संचालित ग्राम बंधु कार्यक्रम से भी नौजवान जुड़ें। उन्होंने नीलम गुप्ता की पुस्तक में ग्रामशिल्पियों के मुद्दे उठाने की सराहना की। नीलम गुप्ता ने पुस्तक लोकार्पण से पूर्व अपनी पुस्तक के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने बताया कि पुस्तक में महात्मा गांधी के गुजरात विद्यापीठ के दृढ़ संकल्पी कार्यों का विस्तृत और सूक्ष्म आकलन किया गया है। इसमें बताया गया है कि कैसे नौजवान लोकशक्ति को जगाकर गांवों को आत्मनिर्भरता एवं स्वराज की ओर ले जा सकते हैं। समारोह में पत्रकार मनोज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी की धर्मपत्नी उषा जोशी, बजाज साहब समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन की कमान अमित पाराशर ने संभाली।

### निर्माणधीन-बिल्डिंगों से चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने निर्माणाधीन बिल्डिंगों व घरों के अंदर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने इस गिरोह के सात चोरों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से चोरी किए गए सामान की बिक्री के करीब 32500 रुपये, एक मोटरसाइकिल एक स्कूटी, 35 बंडल बिजली के तार, चोरी की टोटी व अन्य सामान बरामद किया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निर्माणधीन बिल्डिंग में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही थी । यहां पर एक गिरोह सक्रिय था जो निर्माणधीन बिल्डिंगों और घरों को अपना निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस इस गिरोह की तलाश में जुटी हुई थी। लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर देर रात बिसरख पुलिस ने पैरामाउंट गोल चक्कर के पास से इन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान पुलिस ने गाजियाबाद निवासी खालिद व आमिर व मुस्तफा बिहार निवासी मुजफ्फर व रंजन, बिसरख निवासी फुकरान को गिरफ्तार किया ।

# हिन्दी ने कभी देश को तोड़ने का काम नहीं किया : प्रो. योगेश सिंह

## कुलपति ने कहा : 21वीं सदी में भी है सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जरूरत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि हिन्दी ने कभी देश को तोड़ने का काम नहीं किया, इसने तो हमेशा जोड़ने का काम किया है। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के काउंसिल हाल में विद्रोह के कवि- निराला पुस्तक के लोकार्पण अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के बेबाक लहजे और निडरता का स्मरण करते हुए कहा कि 21वीं सदी में भी ऐसे ही सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जरूरत है। इस अवसर पर उनके साथ दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, कल्चर काउंसिल के चेयर पर्सन अनूप लाठर, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो और प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. योगेश सिंह



ने निराला के हिन्दी प्रेम को लेकर पंडित जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी से टकराव को लेकर कहा कि हिन्दी भारत की भाषा है और यह जन-जन की भाषा है। जो लोगों की भाषा होती है उसे किसी की कृपा की जरूरत नहीं होती। उन्होंने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक दृष्टि से विद्रोह के कवि हो सकते हैं, लेकिन मेरी नज़र में निराला कर्म के कवि हैं, अनुशासन के कवि हैं, सहनशीलता और न्याय के कवि हैं।

कुलपति ने निराला की भिक्षुक कविता की पंक्तियों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुझे तो उनमें सबसे ज्यादा करुणा नज़र आती है। उन्होंने निराला की भिक्षुक कविता के माध्यम से चाट रहे झूठी पत्तल.... वाली पंक्तियाँ प्रस्तुत करते हुए कहा कि गरीबी सबसे बड़ा अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाना देकर ऐसा काम किया है कि देश में कोई भूखा न सोए। उन्होने कहा कि भारत सरकार अपना अगला काम भारत से गरीबी को दूर करने का करेगी ताकि 21वीं सदी में कोई निराला भूख पर ऐसी कविता लिखने को मजबूर न हो। कार्यक्रम के आरंभ में प्रो. अनिल राय द्वारा पुस्तक विद्रोह के कवि : निराला पर अपनी टिप्पणी प्रस्तुत की।

# संपादकीय

## खतरनाक सड़कें : एक चुनौती और समाधान

सड़कें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन कुछ सड़कें जीवन के लिए खतरनाक हो सकती हैं। गति, असुरक्षित ड्राइविंग, और सड़क सावधानी में कमी से होने वाली दुर्घटनाएं बड़े खतरे का सामना कर रही हैं। इस लेख में, हम जानेंगे कुछ ऐसी खतरनाक सड़कों के बारे में और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे।

### खतरनाक सड़कों का परिचय

**चंडीगढ़-शिमला राजमाग :** यह राजमार्ग हिमाचल प्रदेश में स्थित है और इसे खतरनाक बनाते हैं उसकी तेज घातक कर्वों और चट्टानों की वजह से।

**एनएच-22, भारत-तिब्बत मार्ग :** यह मार्ग हिमाचल प्रदेश में स्थित है और इसे अच्छी तरह से बनाए गए रोडों के बावजूद खतरनाक माना जाता है क्योंकि यह अत्यधिक चोटियों और अच्छी ड्राइविंग सुविधा के बजाय बहुते खतरनाक होता है।

**ग्रेट हिमालयन रोड :** यह रोड इम्फाल से लेकर गुवाहाटी तक जाती है और इसमें बर्फबारी, बारिश, और असुरक्षित रोड शामिल हैं, जो इसे खतरनाक बनाते हैं।

**असुरक्षित ड्राइविंग :** खतरनाक सड़कों पर असुरक्षित ड्राइविंग एक महत्वपूर्ण कारण है जो दुर्घटनाएं बढ़ाता है। जब लोग नियमों का पालन नहीं करते और गति में अत्यधिकता होती है, तो यह दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

**रोड सावधानी में कमी :** खतरनाक सड़कों पर सावधानी में कमी एक और महत्वपूर्ण कारण है जो दुर्घटनाएं बढ़ाता है। अगर सड़कों पर सही साइनेज नहीं होती और लोग ध्यानपूर्वक सावधानी नहीं बरतते, तो यह खतरनाक हो सकता है।

**बुरा मौसम :** कई सड़कें ऐसी होती हैं जो बुरे मौसम की शरण में होती हैं, जैसे कि बर्फबारी, बारिश, और तेज हवाएं, जिससे ड्राइविंग को खतरनाक बना देता है।

### समाधान

**सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन :** लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए और गति को सुरक्षित सीमा के अंदर बनाए रखना चाहिए।

**अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर :** सड़कों की अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है ताकि लोग सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें।

**ड्राइविंग शिक्षा :** लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए ताकि वे सड़कों पर सुरक्षित रूप से चला सकें।

सड़कें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन कुछ सड़कें जीवन के लिए खतरनाक हो सकती हैं। इसलिए, हमें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक रहना चाहिए। इससे हम खतरनाक सड़कों को सुरक्षित बना सकते हैं और जीवन को हानि से बचा सकते हैं।



## सरोकार के समांतर

जहां तक भारत का सवाल है, कार्बन उत्सर्जन के मामले में इसने अपेक्षा से ज्यादा तेज रफ्तार से सुधार किया और समय से पहले ही इसमें काफी कमी लाने में कामयाब रहा।

जलवायु संकट का समाधान निकालने के लिए वैश्विक स्तर पर जो भी प्रयास हो रहे हैं, उनमें भारत ने बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभाई है। मगर इस क्रम में कई बार बिगड़ते जलवायु का हवाला देकर ऐसे कायदे समान रूप से सभी देशों के लिए जरूरी बनाने की कोशिश की जाती है, जिन्हें प्रथम दृष्टया तो कारगर कहा जा सकता है, मगर दूसरे स्तर पर वे कुछ देशों के लिए मुश्किल या फिर नुकसानदेह भी साबित हो सकते हैं। दुबई में सीओपी28 के जारी सम्मेलन में जलवायु संकट के सवाल पर जो चिंताएं जाहिर की गईं, समस्या के हल के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए, भारत ने अपनी सीमा में उन सबसे सहमति जताई है।

साथ ही, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के क्षेत्र में भारत ने जितनी गंभीरता से काम किया है, उसका भी उल्लेख किया गया। भारत को इस बात की भी चिंता करनी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो नियम-कायदे तय किए जाते हैं, उन पर अन्य देश भले सहमत हों, लेकिन कोई खास नियम या बिंदु यहां के संदर्भ में कितने उपयुक्त हैं या फिर कहीं उससे देश के सामने कोई नई समस्या तो नहीं खड़ी हो जाएगी!

यही वजह है कि भारत ने जलवायु और स्वास्थ्य को लेकर तैयार किए गए सीओपी28 घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया। खबर के मुताबिक, घोषणापत्र के दस्तावेज में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे के भीतर शीतलन या 'कूलिंग उपकरणों' के लिए ग्रीनहाउस गैसों के उपयोग पर अंकुश लगाने की शर्त थी। दरअसल, कम समय में देश के मौजूदा स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के मद्देनजर ग्रीनहाउस गैसों के उपयोग को सीमित करने का लक्ष्य हासिल करना भारत के लिहाज से व्यावहारिक नहीं था।

घोषणापत्र में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में गहन, तीव्र और निरंतर कटौती से स्वास्थ्य के लिए लाभ प्राप्त करने के मकसद से जलवायु कार्रवाई का आह्वान किया गया है। इसमें उचित बदलाव, कम वायु प्रदूषण, सक्रिय गतिशीलता और स्वस्थ पोषण शामिल है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीते कई दशकों में जलवायु संकट पर जताई जाने वाली चिंता के समांतर तमाम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हल के उपायों पर जोर देने के बावजूद यह समस्या लगातार गहराती गई है। इन हालात के लिए ग्रीनहाउस गैसों या कार्बन उत्सर्जन जैसे कारणों और उसमें विकसित देशों की भूमिका बिल्कुल स्पष्ट रही है।

जहां तक भारत का सवाल है, कार्बन उत्सर्जन के मामले में इसने अपेक्षा से ज्यादा तेज रफ्तार से सुधार किया और समय से पहले ही इसमें काफी कमी लाने में कामयाब रहा। दूसरी ओर यह भी हकीकत है कि भारत जैसे कई देशों में अब भी स्वास्थ्य और कुछ अन्य क्षेत्रों में शीतलन की प्रक्रिया एक अनिवार्यता है और इसीलिए घोषणापत्र के इस बिंदु का पूरी तरह अनुपालन करना भारत के लिए मुश्किल है।

यों भी, भारत में फिलहाल स्वास्थ्य मामले में बुनियादी सेवाओं की जो तस्वीर है, उसमें अगर शीतलन के लिए ग्रीनहाउस गैस में एक सीमा से ज्यादा कटौती की जाती है, तो उससे चिकित्सा सेवा के क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में बाधा आ सकती है।

भारत में आज भी दूरदराज के कई इलाकों में पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं नहीं हैं। वहां तक आपात सेवाएं या फिर जीवनरक्षक दवाओं की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शीतलन एक अनिवार्य पहलू है। इसलिए जलवायु संकट के मसले पर अपने ईमानदार सरोकार के समांतर कुछ बिंदुओं पर भारत की चिंता को समझा जा सकता है।

# न्यायालय व राजस्व ऑफिसों के दलालों की अब खैर नहीं



अदालत, राजस्व परिसरों में दलालों की भूमिका खत्म करने सख्त कानून दोनों सदनों में पारित

संसद के दोनों सदनों में अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2023 पारित - दलालशाही को समाप्त करना मील का पत्थर साबित होगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर तेजी से डिजिटलाइजेशन हो रहा है। पारदर्शिता तेजी से बढ़ रही है महीनों का काम मिनटों से लेकर सेकंडो में हो रहा है। एक क्लिक से हजारों करोड़ रुपए गरीबों, किसानों, वंचितों के खातों में सीधे जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इसे जीरो टॉलरेंस तक पहुंचाया जा सके परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावतें सच है कि नियम बनते ही तोड़ने के लिए हैं और कानून में भी अनेक लीकेजेज होते हैं जिसका फायदा जानकार लोग उठा ही लेते हैं, परंतु सरकार भी इन लिकेजेस पर संज्ञान लेकर कानूनों में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास करती है, इस प्रकार का संज्ञान कानून व्यवसाई अधिनियम के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम 1961 में शामिल है।परंतु न्यायालय क्षेत्र में भी दलालों की बढ़ती दस्तक, कार्यरेखा, हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालय जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, राजस्व अधिकारी जैसे एसडीओ तहसीलदार पटवारी सहित सभी निचले स्तर तक कार्यालयों ने अपने परिसर में कार्य करने वाले ज्ञात दलालों की सूची बनाकर उनका वहां प्रसारण कर प्रवेश प्रतिबंधित कर सके और इस परिसर में दिखने पर 3 माह की सजा या 500 रुपए जुर्माना या दोनों के रूप में सजा के पात्र होंगे। आज हम करीब करीब हर शासकीय कार्यालय में देखते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक दलालों का ही बोलबाला है और करीब करीब हरएक छोटे से लेकर बड़ा काम भी हर शासकीय कार्यालय में दलालों के हस्ते ही शीघ्रता से होता है बस!! मोटी रकम लगती है जो कि पूरी चैनल को बटती है यह मेरी नजरों के सामने होते ही रहता है। या यूं कहें कि अधिकतम नागरिक इस चैनल से पीड़ित हैं जिसकी मुख्य कड़ी दलाल ही होता है। परंतु मेरा मानना है कि चूंकि इस संशोधित कानून ने दलालों की सूची जो कि उसे उन अधिकारियों के द्वारा ही बनाई जाएगी जो चैनल में शामिल हैं, तो फिर इस संशोधन का कोई मूल्य नहीं रहेगा? क्योंकि जैसा कि मैं देखता हूं अधिकारियों की लिंक दलालों से अंदर खाने होती ही है, उसके इशारे फोन या कोडवर्ड से ही वह अधिकारी काम कर देता है फिर उसका पार्सल उसे साप्ताहिक मासिक मिल जाता है।यह तस्वीर हर उस व्यक्ति को मालूम होगी जो इन शासकीय कार्यालयों में अपना काम कराने जाता है याने पटवारी से लेकर उच्चस्तर तक होता हैं इसका अंदाजा उनकी लाइफस्टाइल से ही लगाया जा सकता है कि अंदर खाने कैसी मलाई के वारे न्यारे होते हैं। बस! अब जरूरत है हर अधिकारी द्वारा अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनकर पूर्ण ईमानदारी के साथ दलालों की सूची बनाकर परिसर में प्रकाशित करें और दलालों को 3 माह की सजा दिलाने का लक्ष्य रखें! तभी इस संशोधित कानून की सार्थकता सिद्ध होगी। चूंकि यह बिल राज्यसभा में दिनांक 3 अगस्त 2023 को पारित हो चुका है, और आज दिनांक 4 दिसंबर 2023 को संसद के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन ही लोकसभा में पारित हो गया है अब यह दस्तखत के लिए राष्ट्रपति महोदया के पास जाएगा फिर कानून बन जाएगा इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 संसद के दोनों सदनों में पारित

साथियों बात अगर हम 4 दिसंबर 2023 से शुरू हुए शीतकालीन सत्र में इस विधेयक के लोकसभा पारित होने की करें तो संसद ने सोमवार को अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक का मकसद अदालत परिसरों में दलालों की भूमिका को खत्म करना है। लोकसभा ने विधेयक पर विस्तृत चर्चा और कानून मंत्री के जवाब के बाद ध्वनिमत से स्वीकृति दी। राज्यसभा में यह विधेयक पिछले मानसून सत्र में पारित किया गया था। लोकसभा में सोमवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने अदालतों को दलालों से पूरी तरह मुक्त करने की जरूरत बताई। बड़ी पार्टी जहां इस संबंध में बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए आवश्यक प्रावधान करने पर जोर दिया। वहीं, सत्ताधारी पार्टी ने कहा कि पीएम की सरकार में न्यायपालिका को स्वच्छ बनाने का प्रयास जारी है। हालांकि अनेक दलों ने इस विधेयक को वापस लिए जाने और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। बड़ी पार्टी सांसद ने अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि छोटी अदालतों में छोटे-मोटे दलालों के खिलाफ पहल करने के साथ-साथ केंद्र को बड़ी मछलियों को पकड़ने के लिए प्रावधान करना चाहिए।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में बताया कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर 2023 को शुरू हुई और सरकारी कामकाज की अनिवार्यता के अधीन, सत्र शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023 को समाप्त हो सकता है। 19 दिनों की अवधि में सत्र में 15 बैठकें होंगी।

साथियों बात अगर हम अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 की करें तो यह एक नया खंड, धारा 45 ए पेश करता है, जिसका शीर्षक है दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने की शक्ति'। यह धारा दलाल होने के कृत्य को तीन महीने तक की कैद, पांच सौ रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडनीय बनाती है। विधेयक दलाल को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है, जो पारिश्रमिक के विचार से, एक कानूनी व्यवसायी का रोजगार प्राप्त करता है या किसी कानूनी व्यवसायी या किसी कानूनी व्यवसाय में इच्छुक पार्टी को ऐसे रोजगार का प्रस्ताव देता है। यह उन व्यक्तियों को भी संदर्भित करता है जो ऐसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए अदालत परिसरों, राजस्व कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आते-जाते हैं। विधेयक का उद्देश्य महत्वपूर्ण बदलाव करना है, विशेष रूप से दलाल के कृत्य को दंडनीय बनाने और पुराने कानूनी व्यवसायी अधिनियम, 1879 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने पर ध्यान केंद्रित करना है। विधेयक में कहा गया है कि दलालों से संबंधित मामलों को छोड़कर, कानूनी व्यवसायी अधिनियम, 1879 के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में शामिल हैं। इसमें आगे उल्लेख किया गया है कि लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट, 1879 की धारा 1, 3 और 36 को छोड़कर सभी धाराएं, अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार पहले ही निरस्त कर दी गई हैं। नया अनुभाग उच्च न्यायालय, जिला न्यायाधीश, सत्र न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारियों सहित विभिन्न प्राधिकरणों को दलालों के रूप में कार्य करने के लिए सामान्य प्रतिष्ठा या आदतन गतिविधियों के साक्ष्य के माध्यम से सिद्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने का अधिकार देता है। आवश्यकतानुसार सूचियों में संशोधन किया जा सकता है।इसके अलावा, विधेयक स्पष्ट करता है कि यदि कानूनी व्यवसायियों के संघ के अधिकांश सदस्यों द्वारा इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में किसी व्यक्ति को दलाल होने या न होने की घोषणा करने वाला प्रस्ताव पारित किया जाता है, तो यह सामान्य साक्ष्य के रूप में काम करेगा।

साथियों बात अगर हम इस विधेयक की ज़रूरत की करें तो, कानून के उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, संशोधन एक एकल अधिनियम, अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के माध्यम से कानूनी पेशे को विनियमित करने में मदद करेगा राज्यसभा में विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने कहा कि कानूनी पेशा एक महान पेशा है और गैरकानूनी प्रथाओं से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। इसका उद्देश्य कानूनी पेशे को एक ही अधिनियम द्वारा विनियमित करना है और दलालों को लक्षित करना है। विधेयक में प्रावधान है कि प्रत्येक उच्च न्यायालय और जिला न्यायाधीश दलालों (वे जो किसी भी भुगतान के बदले में कानूनी व्यवसायी के लिए ग्राहक खरीदते हैं) की सूची तैयार और प्रकाशित कर सकते हैं। विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

साथियों बात अगर हम दलाल की परिभाषा समझने की करें तो, इस विधेयक के अनुसार दलाल या %टाउट% वो व्यक्ति है जो पारिश्रमिक के लिए, एक कानूनी व्यवसायी को या लीगल बिजनेस में दिलचस्पी रखने वाली किसी पार्टी को एक दूसरे कानूनी व्यवसाय के रोजगार की सलाह देता है। यह वो लोग हैं जो इस तरह की गतिविधियों के लिए अक्सर कोर्ट परिसर, रेविन्यू ऑफिसेज, रेलवे स्टेशन्स और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नजर आते हैं। अब कानून में संशोधन आने से दलालों पर शामत आना तय है, उनकी नकेल कसना तय है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि न्यायालय व राजस्व ऑफिसों के दलालों की अब खैर नहीं।

## भारत मे स्त्री की बुनियादी भूमिका और अधिकारों के मूल्यांकन की आवश्यकता

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अत: नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है,इनके अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था ।

इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित - प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है।

अब कोई लौट कर नहीं देखता,
गुजरता है, देख कर नहीं देखता द्य

हवा मे गुम ढेर पुरानी आवाजें,
वह अब सुनकर भी नही सुनता,

आंसुओं को पनाह नहीं आंखों में,
आंसू निकलकर, भी नही निकलता,

खोई आवाज को तलाशता हुन मैँ,
अब गुम आवाजें कोई नहीं सुनता,

पैरों में रिसता लहू देखकर मेरे,
वह रुक कर भी,अब नहीं रुकता,

लम्हों के साथ गुजरता रहा मैं,
वक्त मुझे देख अब नही हंसता,

भीड़ में खड़ा हूँ, बुत की तरह, संजीव।
कोई अब पूछ कर भी नही पूछता,



संजीव ठाकुर
रायपुर

# राजस्थान में आपसी कलह से हारी कांग्रेस



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बना बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके।

प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सीमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सीमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए।

चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्ही दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे।

विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसे गुटवाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, होर्डिंगों में अशोक गहलोत की छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे।



सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे। उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ। चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी।

चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा।

अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी। राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई।

पार्टी के प्रदेश पर भारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे। राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने मे ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है।

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं।

बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी की सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट के जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है।

अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिली। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया।

अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे।

कांग्रेस पार्टी को अब अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। पार्टी को संगठन में अध्यक्ष सहित आमूल चूल परिवर्तन करना होगा तथा विधायक दल के नेता के पद पर भी गैर विवादित विधायक का चयन करना होगा जो सभी को साथ लेकर चल सके। तभी जनता में अपनी खोई पैंठ फिर से स्थापित कर सकती है। वरना तो राजस्थान कांग्रेस की ओर अधिक दुर्गति होने से कोई नहीं रोक सकता है।

## शार्ट न्यूज

### पत्नी की पीट पीट कर हत्या, पति गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज क्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में एक शराबी ने अपनी पत्नी की पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मंगलवार को बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जोध निवासी धीरेंद्र सिंह उर्फ़ रिंकू का विवाह करीब 12 वर्ष पहले आरती के साथ हुआ था। रिंकू अपनी पत्नी के अवैध संबंध के शक में आये दिन शराब पीकर मारता था। इसी क्रम में चार दिसंबर की मध्य रात्रि रिंकू ने शराब के नशे में गहरी नींद में सो रही आरती पर हमला कर दिया और डंडे से पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी। सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही कमालगंज थानाध्यक्ष राजेश राय ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया।

### शराब पीने से मना किया तो ढाबे में लगायी आग

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट क्षेत्र में ढाबे में शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने आग लगा दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत कोटवा सड़क निवासी जसकरन रावत हथौंधा चौकी पुलिस बूथ से कुछ दूरी पर नानवेज का ढाबा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती देर रात रिंकू सिंह और आशु अपने साथियों के साथ आये और शराब पीने के लिए बोतल खोली तो जसकरन ने इसका विरोध किया। इस पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। अगल-बगल के लोगों ने किसी तरह विवाद को शांत कराया और दोनों लोग अपने साथियों के साथ चले गए। देर रात ढाबे पर नौकर सो रहा था कि आशु और रिंकू ने पेट्रोल डालकर ढाबे में आग लगा दी। किसी तरह नौकर ने भागकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते पूरा ढाबा जलने लगा। जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंची तब तक ढाबा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### रायबरेली में सड़क हादसे में दो मरे,दो घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के भदोखर इलाके में रोडवेज की बस की चपेट में आकर दो मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मनेहरु गांव के पास देर रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब किसी समारोह में शिरकत कर लौट रहे भदोखर थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार (26) और जगतपुर क्षेत्र निवासी अभिषेक (25) मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे कि रायबरेली डिपो की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार अश्विनी (33) और अमन (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल बाइक सवार की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ रेफर किया गया है दूसरे का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह लोग एक ही बाइक पर सवार थे। बस को कब्ज़े में लेकर पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही कर रही है।

### मिर्जापुर में किसान की हत्या

मिर्जापुर । उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट क्षेत्र में एक किसान की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। उसका शव मंगलवार सुबह पाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि टेढुआ गांव निवासी सोहन यादव (50) घर के पास अपनी मड ?ई में सोया हुआ था। वहां पशुओं के लिए चारा और चारा काटने की मशीन थी। घर के लोग मकान में थे। बीती रात किसी समय सोहन की गला रेत कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी आज सुबह परिवार के लोगो को हुई। अपराधी अज्ञात है तथा हत्या का कारण भी अज्ञात है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होने बताया कि परिवार के लोगो से तहरीर लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। डाग स्क्वाड एवं फोरेंसिक टीम मौके पर है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। लेने का दावा किया। इस बीच हत्या की वारदात से गुस्साये सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया। सपा के जिलाध्यक्ष देवी चौधरी और पुलिस अधीक्षक ने उन्हें समझा बुझाकर कर शव को कब्जे में लिया। वे हत्या का खुलासा करने की मांग कर रहे थे।

### लखनऊ में महिला की गला रेतकर हत्या

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार दोपहर को महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। वारदात के बाद पति घर में शव छोड़कर भाग गया। सुबह करीब 11 बजे छोटा बेटा सोकर उठा, पर मां को घर में न देख अपनी नानी को फोन किया। इसी दौरान स्कूल गया बड़ा बेटा भी घर लौट आया। खोजबीन करने पर महिला का शव चादर में लिपटा मिला। जिसको देख कर घर में चीख पुकार मच गई। आवाज सुनकर मोहल्ले वाले आए गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। पुलिस को आशंका है कि पति ने ही पत्नी की हत्या की। फिर वहां से भाग गया। फिलहाल, पुलिस टीम ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मामला ठाकुर गंज के रोशननगर इलाके का मामला है। एसीपी चौक सुनील शर्मा ने बताया, रोशननगर निवासी फीजियोथेरेपिस्ट आनंदेश्वर अग्रहरि ने नाका निवासी संध्या साहू (38) से 15 साल (2008) पहले लव-मैरिज की थी। वह पत्नी और बेटे तनिष्क और शौर्य के साथ रहते थे। सोमवार रात संध्या का पति आनंदेश्वर से किसी बात पर विवाद भी हुआ था।

### मैनपुरी में युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

मैनपुरी। मैनपुरी सड़क किनारे रुके युवक को एक ट्रक ने बेरहमी के साथ रौंद दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों को हादसे की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया परिवार में आकस्मिक हुई नवयुवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सड़क हादसा मैनपुरी कोतवाली क्षेत्र के पैराडाइस स्कूल के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार एलाऊ थाना क्षेत्र के गांव टिकसुरी निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय जगदीश सिंह पाल मैनपुरी में स्थित विकास भवन के पास अपने नए मकान में रह रहा था। जहां से वह अपने गांव निवासी किसी पड़ोसी की आगरा रोड पर किसी मैरिज होम में शादी समारोह में दावत खाने के लिए गया था। वह वापस आ रहा रहा था। बताया जा रहा है तभी उसने अपनी बाइक पैराडाइज स्कूल के पास रोक दी तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसको रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हाथरस में बंद मकान में घुसकर चोरी

हाथरस। हाथरस में हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में एक बंद मकान में घुसकर बदमाश लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए। बदमाशों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया। जब परिवार शादी के कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था। कॉलोनी के अन्य लोगों ने जब गेट के ताले टूटे देखे तो इसकी जानकारी घर के लोगों को दी। इस पर परिवार के लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले को लेकर छानबीन की और पूछताछ की। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र में रतनगरभा कॉलोनी निवासी मंजू शर्मा इगलास के गांव पिलखुनिया की रहने वाली हैं। यहां भी उनका मकान है। पिछले दिनों में एक वैवाहिक कार्यक्रम में अपने घर से बाहर गई थी। रात्रि में बदमाश उनके मकान में घुस गए और पूरे मकान को खंगाल डाला। बदमाश यहां से ढाई लाख रुपए से ज्यादा की नकदी, हजारों रुपए के सोने चांदी के जेवरात और अन्य सामान चुरा कर ले गए। कॉलोनी के लोगों ने सुबह जब गेट के ताले टूटे देखे तो इसकी जानकारी गृह स्वामिनी को दी। इस पर परिवार के लोग यहां आए और उन्होंने अंदर घर के कई ताले टूटे देखे और पूरा सामान अस्त-व्यस्त देखा। घर में अंदर भी कई अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। डॉग स्क्वायड की टीम भी वहां गई। पुलिस इस मामले को लेकर छानबीन और पूछताछ में जुटी थी।

# जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के अंतर्गत कार्यक्रम को किया संबोधित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें इनके चेहरों को बेनकाब करती थीं। 40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से पचास हजार से अधिक बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन जाति-जाति करने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति करते रहे, जो उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करती है। आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है। इससे होने वाली मौतों में 96 से 98 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और आयुष से जुड़े लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कॉलेजों के प्रिंसिपल नियमित ओपीडी में बैठें। जितने भी पेशेंट देखें, उनकी केस स्टडी तैयार करें। साथ ही चिकित्सा शिक्षा में शोध को बढ़ावा दें। सीएम योगी ने मंगलवार



को लोकभवन में %मिशन रोजगार% के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर, यहां के लोगों के सामने पहचान का संकट था। साढ़े छह वर्षों में हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का नतीजा है कि आज यहां का व्यक्ति अपनी पहचान छिपाता नहीं है, बल्कि जो यूपी का नहीं है, वह भी खुद को उत्तर प्रदेश का बताता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को काफी बेहतर किया है। 1947 से 2017 तक प्रदेश में केवल 12 मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। आज उत्तर प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें कई क्रियाशील भी हो चुके हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने की वजह से विकास की स्पीड कई गुना बढ़ गई है। रायबरेली और गोरखपुर के एम्स ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। आज प्रदेश में एलोपैथ के साथ-साथ ट्रेडिशनल मेडिसिन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय के गठन के बाद उत्तर प्रदेश ने भी आयुष विभाग का गठन किया। आज उत्तर प्रदेश के पास आयुष विश्वविद्यालय है, जो नए कॉलेजों की मान्यता देने की कार्रवाई को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिक्स और स्टाफ नर्स प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बैकबोन हैं। पेशेंट के साथ इनका व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि ठीक होने के बाद पेशेंट उन्हें हमेशा याद रखे। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार और डेंगू पूरी तरह से नियंत्रण में है। 2017 से पहले और उसके बाद के आंकड़ें इसके गवाह हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए हमारी सरकार ने जो कार्य किए हैं उसके परिणाम भी हम सबके सामने हैं। आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश के 10 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। डायलिसिस की सुविधा प्रदेश के 72 जनपदों में उपलब्ध करवाई जा चुकी है। हर जिले में आईसीयू स्थापित हो चुके हैं। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के क्रम में 108 और 102 की एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम को न्यूनतम स्तर पर लाने के प्रयास के अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

# अब आकांक्षी नगरों को भी संवारा जायेगा

लखनऊ। योगी सरकार ने आकांक्षी विकास खंड की तर्ज पर अब आकांक्षी नगरों में भी सीएम फेलोशिप प्रोग्राम की शुरुआत कर दी है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश सरकार के नगरीय विकास विभाग ने प्रदेश के विकास की दिशा में एक और कदम उठाते हुए आकांक्षी नगर योजना के तहत 4 दिसंबर 2023 से सीएम फेलोशिप प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश आकांक्षी नगर योजना जैसी विकास परियोजना शुरू करने वाला देश का पहला राज्य है।

अब इस पहल के साथ ही, उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जो युवाओं और नागरिकों को नगरीय विकास, योजना, प्रबंधन और मॉनिटरिंग में सक्रिय भागीदार बनाने का मौका दे रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी कैबिनेट ने हाल ही में 20 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले 100 छोटे शहरों में मूलभूत शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक संरचना के क्षेत्र में सुधार करते हुए रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए 'आकांक्षी नगर योजना' को मंजूरी दी थी।

### सफल फेलोज को मिलेगा अवसर

उत्तर प्रदेश की आकांक्षी नगर योजना के तहत सीएम फेलोशिप प्रोग्राम महत्वपूर्ण कार्ययोजना है, जिससे शहरी विकास, योजना, प्रबंधन और मॉनिटरिंग में युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। यह अवसर नागरिकों को आत्मनिर्भर विचार, नवाचार और विकास में योगदान करने की शक्ति प्रदान करता है, जो प्रगति और विकास में सकारात्मक परिणामों की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

यही नहीं बेहतर प्रदर्शन वाले सफल फेलोज को सरकारी क्षेत्र में प्लेसमेंट का अवसर मिल सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में, सीएम फेलोशिप प्रोग्राम एक केवल कार्यक्रम नहीं है, यह युवाओं के बीच उत्साह और प्रेरणा के बीच की कमी को समाप्त करने का मार्ग है।

# प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

## 4 महीने तक मथुरा पुलिस को गुमराह करती रही पत्नी

मथुरा। प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर पत्नी ने प्रेमी और एक युवक के साथ मिलकर पति की हत्या करा दी। हत्या के बाद आरोपी पत्नी 4 महीने तक पुलिस को गुमराह करती रही। लेकिन जांच के दौरान जब पुलिस को पता चला कि पत्नी के एक दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंध हैं और उसने प्रेमी व एक अन्य युवक के साथ मिलकर पति की हत्या करा दी है तो तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### 18 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ था नारायण

गोवर्धन के राधाकुंड कस्बा निवासी नारायण 18 अगस्त 2023 को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से मोपेड और 80 हजार रूपए के साथ गायब हो गया। इस मामले में नारायण की पत्नी चंद्रवती ने 21 अगस्त को थाना गोवर्धन में गुमशुदगी दर्ज कराई और पुलिस से पति को तलाशने की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर नारायण की तलाश शुरू कर दी।

### पुलिस को जांच में पता चला नारायण की पत्नी के हैं प्रेम संबंध

मथुरा पुलिस ने इस मामले में नारायण की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस नारायण की तलाश कर रही थी तो पता चला कि उसकी पत्नी चंद्रवती के राधाकुंड के ही रहने वाले नवल सिंह उर्फ गुड्डन पुत्र इंदर गुर्जर निवासी जोशी मोहल्ला राधाकुंड से हैं। दोनों के एक दूसरे से प्रेम संबंध हैं।

# प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या की, फिर सुसाइड किया

## दोनों के गर्दन पर लगी गोली, रिश्ते में जीजा-साली थे; परिजन शादी के लिए नहीं थे तैयार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर खुद गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दोनों के गले पर गोली लगी है। चाचा के घर में प्रेमी ने वारदात को अंजाम दिया। जब चचेरा भाई मौके पर पहुंचा तो लड़की की मौत हो चुकी थी। जबकि युवक की हालत गंभीर थी। उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वारदात निगोही क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक, मामला प्रेम-प्रंसग का है। मृतक युवक का नाम मुकेश यादव और लड़की का नाम रामा है। दोनों में जीजा-साली का रिश्ता था। मुकेश, रामा से शादी करना चाहता था, लेकिन उसके दिव्यांग होने के चलते रामा का परिवार शादी के लिए तैयार नहीं था।

सोमवार को दोनों एक ही शादी में शामिल होने पहुंचे थे। वहां रात को चुपचाप मुकेश, रामा को लेकर अपने



गांव आ गया। वहां वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार तड़के वारदात का पता चला है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### छोटे भाई की साली से था अफेयर

निगोही थाना क्षेत्र के तिंदूलिया गांव में मुकेश यादव परिवार के साथ रहता था। मुकेश (30) एक पैर से दिव्यांग है। उसकी शादी नहीं हुई है। मुकेश के छोटे भाई धीरेंद्र की शादी लखीमपुर के परसपुर गांव में लक्ष्मी के साथ हुई थी। लक्ष्मी की छोटी बहन रामा यादव (22) से मुकेश का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से फोन पर बात करते थे। रामा ने मुकेश से शादी की इच्छा जताई, लेकिन दिव्यांग होने के कारण रामा के परिजन मुकेश से शादी को तैयार नहीं हुए। मुकेश ने कई बार कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी।

### रिश्तेदार की शादी में पहुंचे थे दोनों

सोमवार को लखीमपुर के परसपुर गांव में मुकेश के छोटे भाई धीरेंद्र के चचेरे साले की शादी थी। इसमें शामिल होने के परिवार के साथ मुकेश भी परसरपुर पहुंचा था। रामा भी शादी में शामिल होने के लिए आई थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रात को किसी वक्त मुकेश रामा को लेकर चुपचाप शादी कार्यक्रम से निकल आया। वह अपने गांव तिंदुलिया आ गया। लेकिन, वहां घर नहीं गया। गांव के बाहर अपने चाचा बादाम सिंह यादव के बाड़े में पहुंच गया।


मंगलवार तड़के बादाम सिंह का बेटा अजमेर सिंह पशुओं को चारा डालने के लिए बाड़े पर पहुंचा। वहां बने हुए एक कमरे का दरवाजा हल्का खुला था। अजमेर ने बताया कि जब उसने अंदर देखा तो जमीन पर मुकेश घायल पड़ा था। रामा की लाश वहां पड़ी थी।

उसने शोर मचाया तो परिवार और आसपास के लोग आए। मुकेश के शरीर में हरकत थी, ऐसे में उसको पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल ले गए। वहां मुकेश की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि मुकेश के घरवाले प्रेम प्रसंग की जानकारी से इनकार कर रहे हैं। वे घटना के पीछे की वजह भी नहीं बता पा रहे हैं। प्रथमदृष्टया मामला हत्या के बाद आत्महत्या का लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# बेटे ने पिता को कुदाल से काटकर मार डाला

## शराब के नशे में घर पहुंचने पर फटकारा, नाराज होकर कर दिए ताबड़तोड़ वार

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक बेटे ने अपने पिता पर कुदाल से हमला कर मार डाला। पिता का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने शराब के नशे में घर पहुंचे बेटे को फटकार लगाई। साथ ही झोपड़ी में जाकर सोने को कह दिया। यही बात उसे नागवार लगी। उसने अपने पिता पर कुदाल से ताबड़तोड़ हमला करके काट डाला। पिता को दम तोड़ता देख आरोपी मौके से भाग गया। घटना पिपराइच इलाके के तरकुलही में सोमवार देर रात की है। पुलिस ने गांव के एक घर में छिपे बेटे को हिरासत में ले लिया है। गांव वालों का कहना है कि आरोपी आए दिन शराब पीकर विवाद करता है।




एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया, बेटे ने पिता पर शराब पीने के विवाद में कुदाल से हमला कर दिया, जिससे त्रिभुवन की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आरोपी बेटे को हिरासत में भी ले लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### शराब के नशे में घर पहुंचा था बेटा

दरअसल, तरकुलही गांव निवासी निवासी त्रिभुवन राजभर (48) के दो बेटे रामानंद और आनंद राजभर हैं। गांव में त्रिभुवन के दो घर हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को एक मकान पर बड़ा बेटा रामानंद सोया था। दूसरे मकान पर छोटा बेटा आनंद (18) देर रात नशे की हालत में घर पहुंचा। बेटे को नशे की हालत में देखकर पिता ने उसे फटकारा और बड़े भाई के पास जाकर सोने को कहा।

### संभल में बसपा का पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार

संभल। संभल में भू-माफिया बसपा के पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र बादशाह को गैंगस्टर के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर चेरयमैन पद पर रहते करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर कब्जे के केस दर्ज हैं। कोतवाली बहजोई पुलिस ने पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र बादशाह को पुलिस ने जेल भेज दिया है। आरोपी ने अपने सहयोगी नगर पालिका के एक क्लर्क और उसकी पत्नी के सहयोग से धोखाधड़ी कर जमीनें हथिया ली थीं। मामले में डीएम एवं तहसीलदार ने केस दर्ज कराए थे, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने गैंगस्टर का केस दर्ज कराया।

# पुराने विवाद में चली गोली एक की मौत, चार घायल

**अयोध्या।** अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद में रिवाल्वर और रिपीटर से गोली मारकर से 30 साल के एक युवक की हत्या कर दी गई। जबकि 18 साल का दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना के पीछे कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर पर हुआ बच्चो में विवाद बताया जा रहा है। इस विवाद के कुछ घंटों बाद ही यह गंभीर वारदात सामने आई है। घायल आयुष सिंह का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की तहरीर मिलने पर उसके आधार पर और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अबनपुर सरोहा में पुराने विवाद में पंकज सिंह और विवेक सिंह के बीच अभिषेक सिंह के ही घर में बच्चों के बीच मारपीट को लेकर कहासुनी में गोली चल गई।

इसमें घटना गोली में लगने से घायल विवेक सिंह पुत्र समर बहादुर को जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। वहीं आयुष सिंह पुत्र पंकज सिंह को भी गोली लगी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

# आजमगढ़ में मदरसे में 8 करोड़ का गबन

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में मदरसों में गबन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के देवगांव थाना क्षेत्र के जामिया फैज ए आम मदरसे का आया है। मदरसे के पूर्व प्रधानाचार्य हबीबुर्रहमान पर आठ करोड़ गबन का आरोप लगा है। मदरसे के सचिव ने संबंधित थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मदरसा जामिया फैज़ ए आम की भूमि व भवन को दिखा कागज में हेराफेरी कर आठ करोड़ रुपए का गबन किया है। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### छह लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

इस बारे में जिले के एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि आरोपी हबीबुर्रहमान पर सरकारी भवन को अपना भवन दिखाकर गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में छह आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि इस मामले में पूर्व में और भी कोई जांच हुई है तो उसे भी शामिल किया जाएगा। घटना में शामिल सभी आरोपियों के विरूद्ध गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जामिया फैज ए आम मदरसे में प्रबंध समिति ने गबन के आरोपी पूर्व प्रधानाचार्य को हटाकर मदरसे में नये प्रधानाचार्य मिसबाहुद्दीन को नियुक्ति किया है। शिकायतकर्ता मदरसे के सचिव हामिद अली ने बताया कि अंबेडकरनगर जिला की रहने वाले हबीबुर्रहमान जहां पूर्व में भी इनके ऊपर फ्रॉड के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। हालांकि किन्हीं कारणों वह उसमें बरी हो गए थे। अब वह जामिया फैज ए आम मदरसे को हड़पना चाहते हैं। एसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध सं. 563/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 और 380 आईपीसी के तहत तीन दिसंबर को दर्ज किया गया।

### संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत

जालौन। जालौन में ई-रिक्शा चलाने वाले एक युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई, पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरियापुरवा का है। यहां के रहने वाले प्रताप सिंह (48) ई रिक्शा चलाकर भरण पोषण कर रहा था। वह अपने परिवार से अलग रहकर डिग्गीताल में किराये के कमरे में रह रहा था और उसके साथ कई किरायेदार रहते थे। दो दिन पहले प्रताप की पेट में चोट लगने की वजह से हालत बिगड़ गई। जानकारी मिलने पर पत्नी रामकुमारी व भाई उसको अस्पताल ले गये थे, जहां उसका इलाज चल रहा था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी पाकर पुलिस ने ई रिक्शा ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# टिकैत बोले, किसान हिंदू बनकर नहीं वोटर बनकर करें वोट

## पीएम को पहले ही कैसे पता था कि भाजपा जीतेगी, कहीं गड़बड़ हुई

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के रिजल्ट को लेकर कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले ही अपने जीत की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा, जिस देश का ज्योतिष बेईमान हो जाएगा, उस देश का यहीं हाल होगा। इन्हें कैसे पता था कि हमारी ही सरकार आएगी ? भाजपा ने इन राज्यों में गड़बड़ की है। जो लोग चुनाव लड़े, वहीं मैदान छोड़कर भाग गए। इसमें क्या किया जा सकता है ?

टिकैत ने कहा, जिस प्रकार से आंदोलन छत्तीसगढ़ में चल रहे थे। पूरे देश में लोग इनके खिलाफ थे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खिलाफ थे। वहां भूमि अधिग्रहण का इश्यू। नया रायपुर बस रहा है। वहां पर कोलमाइन, आदिवासियों की जमीन फ्री और दान के रूप में छीनी जा रही है। वहां की जनता नाराज है। जो चुनाव ठीक तरीके



से नहीं लड़ेगा, तो ऐसा ही हाल होगा। राकेश टिकैत ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर कहा, किसान तो लगा हुआ है। अपने आंदोलन और बातचीत में। लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान दिखाई नहीं दे रहा है। 22 जनवरी 2021 के बाद में किसानों से भारत सरकार ने कोई बातचीत नहीं की है।

उन्होंने कहा, किसान यदि वोटर बनकर वोट देगा तो भाजपा पर भारी पड़ेगी। लेकिन यदि किसान हिंदू बनकर वोट देगा तो भारी नहीं पड़ेगी।

किसानों की मांगों को लेकर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सहारनपुर में मंडलायुक्त से मिलने पहुंचे। उन्होंने सहारनपुर मंडल में किसानों की जमीन रेलवे भूमि अधिग्रहण, बिजली के बिल और गन्ना भुगतान को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा, किसान जन्म से ही समस्याओं में पैदा होता है। बाकी कसर भाजपा सरकार निकालने का काम कर रही है। गन्ना का भुगतान होता नहीं है, बिजली का चार्ज किसानों पर इतना लगा देते हैं कि किसानों की बिल भरते हुए कमर टूट जाती है।

टिकैत ने कहा, भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि जब हमारी सरकार आ जाएगी, तब किसानों के बिजली पांच साल तक फ्री रहेगी। दूसरी बार एक साल बिजली फ्री करने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि फिर सरकार के लोगों के बयान आ जाते हैं कि अप्रैल से फ्री होगी।

## शार्ट न्यूज

### पीएम गतिशक्ति की बैठक में की गयी 100 परियोजनाओं की समीक्षा

नयी दिल्ली । पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की राष्ट्रीय राजधानी में हुई 61वीं बैठक में 100 महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह बैठक गतिशक्ति योजना के दो साल पूरे होने के अवसर पर एक दिसंबर को आयोजित की गयी थी। इसकी अध्यक्षता उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता ने की। बैठक में एनएमपी प्लेटफॉर्म पर मौजूदा और प्रस्तावित आर्थिक क्षेत्रों का मानचित्रण और पहचान की गई अवसंरचना योजनाओं को बनाने और उनके क्रियान्वयन में विभागों के समन्वय के लिए शुरू की गयी। बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, औषध विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं नीति आयोग सहित संबंधित मंत्रालयों/विभागों के 60 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया।

### शेयर बाजार में रिकॉर्ड उछाल से निवेशक मालामाल

मुंबई। शेयर बाजार के पिछले लगातार दो दिनों में ज़बरदस्त तेजी के साथ सार्वकालिक उच्चतम स्तर पहुंचने से निवेशकों ने 8.79 लाख करोड़ रुपये कमाये हैं। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 1383.93 अंक अर्थात 2.05 प्रतिशत की उड़ान भरकर 68 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार और सार्वकालिक उच्चतम स्तर 68865.12 अंक पर पहुंच गया। इससे सोमवार को शेयर बाजार का कुल पूंजीकरण बीते शुक्रवार के 3,37,67,513.03 करोड़ रुपये से 5.8 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 3,43,47,668.28 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह सोमवार को निवेशकों ने कुल 5.8 लाख करोड़ रुपये की कमाई की। शेयर बाजार के नये रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला यहीं नहीं थमा और मंगलवार को भी सेंसेक्स सेंसेक्स 431.02 अंक अर्थात् 0.63 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 69 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 69,296.14 अंक पर पहुंच गया। इससे बाजार का कुल पूंजीकरण 3,43,47,668.28 करोड़ रुपये से 2.99 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 3,46,46,533.52 करोड़ रुपये हो गया।

### रैपिडो कैब्स हुआ लांच

नयी दिल्ली। प्रमुख कम्प्यूट ऐप रैपिडो ने अपने परिचालन का विस्तार करते हुये कैब बिज़नेस में प्रवेश की आज घोषणा की। कंपनी के सह संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने आज इस सेवा की शुरूआत की घोषणा करते हुये कहा कि 1.05 लाख कैब के साथ यह सेवा दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु और हैदराबाद में की गयी है। उन्होंने कहा कि कंपनी के शहरी परिवहन में बदलाव लाने और उपभोक्ताओं की यात्रा संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए किफायती इंटरा-सिटी समाधान उपलब्ध कराने के मिशन के तहत रैपिडो ने कैब लॉन्च के साथ यह कदम बढ़ाया है। उपभोक्ताओं की यात्रा संबंधी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने और साथ ही कैप्टन्स को लाभान्वित करने के उद्देश्य के साथ रैपिडो किफ़ायती प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है। देश भर के सभी कैब चालकों के लिए सुलभ ये सेवाएं इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि ये उद्यमिता को बढ़ावा देकर ड्राइवरों को आजीविका के स्थायी समाधान उपलब्ध कराती हैं। ड्राइवरों को सशक्त बनाने के साथ-साथ ये कैब्स न्यूनतम कीमतों पर सभी के लिए परिवहन को सुलभ बनाकर उपभोक्ताओं को किफ़ायती सेवाएं प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा देश भर में हमारी बाईक टैक्सी और ऑटो सेवाओं को मिली शानदार सफलता के बाद हमें खुशी है कि हम भारत में रैपिडो कैब्स का लॉन्च करने जा रहे हैं।

### एमएसएमई को सशक्त बनाने साथ आए यू ग्रो कैपिटल और लघु उद्योग भारती

नयी दिल्ली। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को कर्ज देने वाली देने वाली प्रमुख डेटा टेक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) यू ग्रो कैपिटल और छोटे उद्यमों को आगे बढ़ाने में सहायता करने वाले सगंठन लघु उद्योग भारती ने आज छोटे और मझौले उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए एक बदलाव अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत उद्यमों को सरकारी योजनाओं, डिजिटल कर्ज और आज के समय में सफलता के लिए जरूरी रणनीति बताई जाएगी। देश की एमएसएमई लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है। यह रोजगार के सृजन, औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभा रही है। एमएसएमई के योगदान को किसी भी तरह से कमतर नहीं आंका जा सकता। देश के जीडीपी में उनकी खास हिस्सेदारी है। देश की गरीबी घटाने में वे खास भूमिका निभा रहीं हैं। हालांकि इस क्षेत्र के लिए कर्ज और वित्तीय संसाधन सबसे ज्यादा अहम हैं। यह साझेदारी देश में लघु उद्योगों में सकारात्मक बदलाव लाकर उन्हें आगे बढ़ने और सफल होने में खास भूमिका निभाएगी। इस अभियान के तहत यू ग्रो कैपिटल लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर देश के 100 छोटे बाजार में सेमिनार, वर्कशॉप और अन्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रारंभ करेगा।

### 'फोन बैंकिंग ने बैंकों को बर्बाद किया'

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा को सूचित किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत 15,186.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और इनमें से लगभग सारी राशि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सौंप दी गई हैं। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि चूककर्ताओं के खिलाफ विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत विशिष्ट कार्रवाई की जा रही है और इसके परिणामस्वरूप बैंकों के पास भारी धनराशि वापस आ रही है। सीतारमण ने सदन को बताया कि 31 मार्च, 2023 तक 13,978 ऋण खातों के खिलाफ वसूली के लिए कानूनी मुकदमे दायर किए गए थे। इनमें से 11,483 मामलों में SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई। 5,674 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और कुल 33,801 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई। उन्होंने कहा, एक दिसंबर, 2023 तक ईडी ने पीएमएलए के तहत 15,186.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिसमें से 15,183.77 करोड़ रुपये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को दिए गए हैं। अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंत्री से फोन बैंकिंग का अर्थ बताने को कहा जिसका उल्लेख एक पूरक प्रश्न के उत्तर में किया गया था।

### भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, एसएंडपी ने किया दावा

नई दिल्ली। भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वित्त वर्ष 2026-27 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही। एसएंडपी का मानना है कि देश के लिए एक बड़ी परीक्षा 'विशाल अवसर' का लाभ उठाकर खुद को अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की है। एसएंडपी की रिपोर्ट 'ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024: न्यू रिस्क, न्यू प्लेबुक' में कहा गया है कि मार्च 2024 यानी चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026 में इसके सात प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि जून और सितंबर तिमाही में क्रमश: 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रही थी। एजेंसी के अनुसार'' भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है और हमें उम्मीद है कि यह अगले तीन वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा। सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है।

# सेंसेक्स और निफ्टी सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर

मुंबई । विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली थमने और चार में से तीन राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज़ समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से आज सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 431.02 अंक अर्थात् 0.63 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 69 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 69,296.14 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.30 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,855.10 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले थोड़ी धीमी रही। इससे मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 35,049.27 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत उठकर 41,099.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3875 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1787 लाभ जबकि 1969 नुक़सान में रहे वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अपनी बिक्री रणनीति को उलट दिया है और पिछले सात सत्रों के दौरान लगातार



खरीदार बने हुए हैं। निकट अवधि में बाजार में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है।

बीएसई के 14 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान यूटिलिटीज 6.54, पावर 6.09, सर्विसेज 3.93, कमोडिटीज़ 2.04, सीडी 0.39, ऊर्जा 1.17, वित्तीय सेवाएं 0.77, इंडस्ट्रियल्स 0.16, ऑटो 0.49, बैंकिंग 1.21, कैपिटल गुड्स 0.46, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.21, धातु 0.15 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 1.84 प्रतिशत के लाभ में रहे।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.18, जापान का निक्केई 1.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.90 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जर्मनी के डैक्स में 0.29 प्रतिशत की बढ़त रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 303 अंक की तेजी के साथ 69,168.53 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 68,954.88 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली होने की बदौलत यह दोपहर से पहले 69,381.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 68,865.12 अंक के मुकाबले 0.63 प्रतिशत उछलकर 69,296.14 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 122 अंक चढ़कर 20,808.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,711.15 अंक के निचले जबकि 20,864.05 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 20,686.80 अंक की तुलना में 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20,855.10 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 4.46, एनटीपीसी 3.89, एसबीआई 2.31, आईसीआईसीआई बैंक 2.28, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.71, टाइटन 1.64, मारुति 1.09, एशियन पेंट 1.00, नेस्ले इंडिया 0.94, एचडीएफसी बैंक 0.89, सन फार्मा 0.70, रिलायंस 0.68, कोटक बैंक 0.59, टीसीएस 0.59, एक्सिस बैंक 0.52, टाटा स्टील 0.50, टाटा मोटर्स 0.40, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.38 और एलटी 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.49, एचसीएल टेक 1.45, बजाज फाइनेंस 0.74, विप्रो 0.74, इंफ़ोसिस 0.73, इंडसइंड बैंक 0.59, आईटीसी 0.51, टेक महिंद्रा 0.27, अल्ट्रासिमको 0.19 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.03 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# आईआईएफएल समस्ता पब्लिक इश्यू से जुटाएगा एक हजार करोड़ तक की पूंजी

जयपुर। देश की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस व्यावसायिक वृद्धि के लिए सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से एक हजार करोड़ रुपए तक की पूंजी जुटाएगा।

यह बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। यह इश्यू 15 दिसंबर तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस ने 200 करोड़ रुपए के बॉन्ड्स जारी किए हैं, और उसके पास 800 करोड़ रुपए तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प भी है। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर



उपलब्ध होगी। इसकी क्रेडिट रेटिंग क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए-/पॉज़िटिव और एक्विटी रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा एक्विटी एए। स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि ये इंस्ट्रूमेंट अत्यधिक सुरक्षित माने जाते हैं, और बहुत कम क्रेडिट रिस्क के साथ वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग प्रदान करते हैं। आईआईएफएल समस्ता को इस माह क्रिसिल द्वारा 'स्टेबल' से 'पॉज़िटिव' रेटिंग में अपग्रेड किया गया है।

आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के होल टाइम डायरेक्टर और सीआईओ शिव प्रकाश डी ने कहा आईआईएफएल समस्ता देश में अपनी 1500 शाखाओं के साथ खड़ा है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यत: अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड्स की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं। इनमें ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों से किसान, कृषि मजदूर, सब्जी और फल विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, दर्जी, शिल्पकार, और गृहणियाँ एवं औद्योगिक मजदूर आते हैं।

आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के पास गत सितंबर के अंत में 12 हजार 196 करोड़ रुपए के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट थे, और वित्तवर्ष 2024 के पहले छह महीनों में इसने 233 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया है। इसके पास देश में 1485 शाखाओं का विस्तृत नेटवर्क है, जिसमें 14 हजार 286 कर्मचारी कार्यरत हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस ने पिछले सालों में लगातार एनपीए को कम बनाकर रखा है और यह अच्छी क्वालिटी एस्सेट पर ध्यान केंद्रित करता रहा है। गत 30 सितंबर को इसके पास लोन बुक 2.11 प्रतिशत के सकल एनपीए और 0.57 प्रतिशत नेट एनपीए थे।

## ऊर्वरक एसोसिएशन की वार्षिक संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे मंडाविया

नयी दिल्ली। उर्वरक कंपनियों के फोरम फर्टीलाइज़र एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) की वार्षिक संगोष्ठी का राजधानी में उद्घाटन बुधवार को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया करेंगे।

एफएआई के अध्यक्ष एन. सुरेश कृष्णन और सह-अध्यक्ष एस. सी. मेहता तथा संगठन के महानिदेशक अरविंद चौधरी ने मंगलवार को यहां बताया कि इस वर्ष इस वार्षिक संगोष्ठी का विषय 'उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में नवाचार'है। एफएआई की एक विज्ञपति के अनुसाद उद्घाटन सत्र में रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री माननीय भगवंत खुबा और रजत कुमार मिश्रा सचिव भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान एवं विकास में वैज्ञानिकों के योगदान तथा उत्पादन, पर्यावरण प्रदर्शन, सुरक्षा, लघु पोषक तत्वों के विपणन आदि के क्षेत्र में एफएआई के पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस आयोजन के दौरान उर्वरकों के इस्तेमाल के बारे में गलत अवधारणाओं को दूर करने के विषय में विशेषज्ञों के साथ संवाद आयोजित किया है। बयान में कहा गया है कि इस सत्र के माध्यम द्वारा किसानों, मीडिया और आम जनता में उर्वरकों के बारे में मौजूद गलत अवधारणाओं को दूर किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद करेंगे। इसके अलावा सरकार की नीतियों पर चर्चा, कृषि में विकास, विपणन एवं उत्पादन तकनीकों पर भी चर्चा सत्र आयोजि किए जाएंगे। इन सत्रों में कुल 18 प्रस्तुतियां होंगी जिनमें विश्व में उर्वरक मांग एवं आपूर्ति का दृश्य, कच्चे माल और तैयार उत्पादों की मांग, आपूर्ति और कीमतों के रुझान, कृषि प्रथाओं में इनोवेशन और नए उत्पाद, देश में भोजन और पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए मिलेट्स की भूमिका, मौजूदा उर्वरक उत्पादन में हरित उर्जा का उपयोग, उर्वरक प्लांट्स के उत्पादन, दक्षता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में सुधार, स्लो रिलीज़ फर्टीलाइज़र के रूप में सल्फर कोटेड उर्वरकों का उत्पादन तथा डिजिटल एवं आधुनिक तकनीकें, वितरण एवं विपणन, तथा किसानों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की पहल जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां होंगी।

## फेडेक्स ने हैदराबाद टेक-हब में किया 10 करोड़ डॉलर का निवेश

हैदराबाद। कुरियर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी फेडएक्स एक्सप्रेस ने भारत में कारोबार के उभरते परिदृश्य के मद्देनजर हैदराबाद के टेक-हब में एक प्रौद्योगिकी नवाचार सुविधा पर 10 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। अमेरिका के फेडएक्स कॉर्प की सहायक कंपनी फेडएक्स एक्सप्रेस दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस परिवहन कंपनियों में शुमार है। कंपनी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने हैदराबाद में अपने पहले एडवांस्ड कैपेबिलिटी कम्युनिटी (एसीसी) का उद्घाटन कर दिया है। इस नयी सुविधा के उद्घाटन समारोह में फेडएक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राज सुब्रमण्यम और फेडएक्स एक्सप्रेस के अध्यक्ष और एयरलाइन और इंटरनेशनल के सीईओ रिचर्ड स्मिथ उपस्थित थे।

बयान में कहा गया है कि फेडएक्स एसीसी की कल्पना तकनीकी और डिजिटल इनोवेशन के केंद्र के रूप में की गई है, जो तकनीकी प्रतिभा के संपन्न पूल के पोषण पर तेलंगाना सरकार के रणनीतिक जोर के साथ जुड़ा हुआ है।

कंपनी ने कहा है कि यह केंद्र नई क्षमताओं के विकास और दुनिया भर में फेडएक्स के परिचालन की संचालन की तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी योगदान देने के साथ साथ भारतम में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगा।

कंपनी इस केंद्र को अपने परिचालन की दृष्टि से एक उल्लेखनीय कदम बताते हुए कहा गया है, 'यह सुविधा भारत में डिजिटल परिवर्तन और नवाचार में मदद करने में समर्थ असाधारण प्रतिभाओं का लाभ उठाने की फेडएक्स की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सुब्रमण्यम ने कहा, प्रतिभा और नवाचार में यह निवेश उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और दुनिया भर में अद्वितीय स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सोल्यूशन प्रदान करने की हमारी व्यापक योजना का हिस्सा है। भारत के असाधारण प्रतिभा पूल का लाभ उठाकर, हम डिजिटल परिवर्तन में तेजी ला रहे हैं और अपने ग्राहकों को प्रगतिशील समाधान प्रदान कर रहे हैं।

## एफ ए आई का तीन दिवसीय सम्मेलन आज से

नयी दिल्ली। फर्टीलाइज़र एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का 6से 8 दिसम्बर तक राजधानी में आयोजन किया जा रहा है जिसका केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया शुभारंभ करेंगे। एफएआई के अध्यक्ष एन सुरेश कृष्णन ने कल रात संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि इसका विषय 'इनोवेशन इन फर्टीलाइज़र एण्ड एग्रीकल्चर सेक्टर यानि उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में इनोवेशन्स' रखा है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन सत्र के दौरान रसायन एवं उर्वरक मंत्री और नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा विशेष अतिथि होंगे। एफएआई ने कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान एवं विकास में वैज्ञानिकों के योगदान तथा उत्पादन, पर्यावरण प्रदर्शन, सुरक्षा, लघु पोषक तत्वों के विपणन आदि के लिए पुरस्कारों की घोषणा भी की है, जिनका वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

## स्वयं और खेलो इंडिया की साझेदारी

नयी दिल्ली। सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम खेलो इंडिया और एक्सेसिबिलिटी संगठन स्वयं ने खेलो इंडिया के पहले पैरा गेम्स के लिए साझेदारी की है।

इस साझेदारी का पूरा फोकस युवा और उभरते हुए पैरा एथलीट्स के लिए आधारभूत ढांचा बनाने और ट्रांसपोर्ट की सुविधा मुहैया कराने पर है। खेलो इंडिया इस साल इस साल पैरा गेम्स की शुरुआत कर रहा है। इस नई पहल से दर्शकों को सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1400 से ज्यादा पैरा एथलीट्स की असाधारण भागीदारी को देखने का मौका मिलेगा। यह आठ दिन का कार्यक्रम राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियम, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी एरेना और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा। यहां यह गेम 10 से 17 दिसंबर तक खेले जाएंगे। इस आयोजन का सात प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकरण किया जाएगा, जिसमें पैरा एथेलेटिक्स, पैरा आर्चरी, सीपी-फुटबॉल, पैरा-बैडमिंटन, पैरा-टेबल-टेनिस, पैरा शूटिंग और पैरा पावर लिफ्टिंग शामिल है।

आगामी पैरा गेम के लिए स्वयं ने सभी




पैरा-एथलीट्स, पैरा अधिकारियों और पैरा कोचों को उनकी पहुंच में ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी ली है। उन्हें रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और एयरपोर्ट से उनके होटल, हॉस्टल और संबंधित स्टेडियम तक पहुंचाने का काम स्वंय करेगा। इनके सफर को सुरक्षित बनाने और सभी को सम्मानित ढंग से उनके गंतव्य तक पहुंचाना इनका उद्देश्य है। इसके अलावा इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले खेलो इंडिया के अधिकारियों और 400 स्वयंसेवकों के लिए संवेदनशील प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया जा रहा है।

इसके अलावा खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमताओं को दरकिनार करते हुए संपूर्ण विकास को बढ़ावा देना इस आयोजन का मकसद है। स्वयं की सिविल इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स की टीम ने तीन बड़े स्टेडियमों और वहां मौजूद सुविधाओं का दिव्यांग खिलाड़ियों की पहुंच के लिहाज से पूरी तरह ऑडिट किया है, जिससे यह स्टेडियम सही मायनों में सभी खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने का सच्चा प्रतीक बन सकें। दिव्यांग खिलाड़ियों, कोच, उनकी देखभाल करने वाले लोगों, अधिकारियों और दर्शकों के लिहाज से इन स्टेडियम के आधारभूत ढांचे की कमियों की पहचान की गई और राष्ट्रीय महत्व की प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से कराने के लिए इसकी कमियों को सुधारा गया।

इस ऑडिट में यह सुनिश्चित किया गया कि पैरा खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए न केवल रैंप और रेलिंग उपलब्ध हो, बल्कि उनके लिए ऐसे टॉयलेट्स, सीट और पार्किंग का प्रबंध किया जाए, जो उनके लिए सुविधाजनक हो।

स्वयं की अध्यक्ष और जिंदल सॉ की प्रबंध निदेशक स्मिनु जिंदल ने कहा, हम पैरा गेम्स के लिए खेलो इंडिया से साझेदारी कर काफी उत्साहित हैं, जो खेलकूद को सभी की पहुंच में लाने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं।

## दिल्ली मेट्रो ट्रेनों में ऑडियो आधरित विज्ञापनों की शुरुआत

नयी दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) अपने नेटवर्क में नए माध्यम से विज्ञापन प्रसारित करने के लिए पूरीतरह तैयार है, जिसके अनुसार अब ट्रेनों में ऑडियो आधारित विज्ञापन प्रसारित करना संभव होगा। यह नई सुविधा सेवा संबंधी अनिवार्य उद्घोषणाओं के साथ सहजता से डिजाइन की गई है जिससे यात्रियों का समग्र मेट्रो अनुभव बढेगा। अनिवार्य सेवा संबंधी उद्घोषणाओं के बीच प्रसारित होने वाले ये ऑडियो विज्ञापन यात्रा के दौरानरान यात्रियों को सुखद अनुभव भी देंगे।

डिएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के मुख्य कार्यकारी निदेशक व प्रवक्ता अनुज दयाल ने मंगलवार को यहां यह

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड
Delhi Metro Rail Corporation Limited

जानकारी दी। दयाल ने बताया कि आरंभ में यह व्यवस्था केवल कश्मीरी गेट से बिरर्पुर बॉडरक के बीच वॉयलेट लाइन की छह ट्रेनों में की जा रही है। ये विज्ञापन शुरुआत में दिसंबर, 2023 से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रसारित किए जाएंगे।

इस पायलट प्रोजेक्ट से प्राप्त फीडबैक के आधार पर राजस्व अर्जन वाले इस माध्यम का अन्य लाइनों पर भी विस्तार किया जाएगा। ऑडियो आधारित मार्केटिंग राजस्व का माध्यम है जिसकी दिल्ली मेट्रो में अपर संभावनाएं हैं क्योंक ये विज्ञापन उन लाखों यात्रियों तक तत्काल पहुंच बनाएंगे जो हर दिन मेट्रो से यात्रा करते हैं।

कई अन्य मेट्रो प्रणालियां भी राजस्व अर्जन के लिए इस उपाय पर विचार कर रही हैं। उदाहरण के लिए, मुंबई मेट्रो (लाइन-1 : वर्सोवा से घाटकोर्पर) अपने भागीदारों को सकिय तौर पर विज्ञापन के अवसर प्रदान कर रही है।

कोविड-19 महामारी के दौरान, दिल्ली मेट्रो सेवाओं को काफी समय के लिए निलंबित करना पड़ा था। बाद में सेवाओं को कई प्रतिबंधों के साथ विभिन्न चरणों में फिर से शुरु किया जा सका। इसके कारण डीएमआरसी के राजस्व अर्जन के स्रोत काफी हद तक सीमित हो गए थे।

अब डीएमआरसी गैर-टिकटिंग स्रोतों से अपना राजस्व बढाने के लिए कई कदम उठा रही है ताकि संचालन कार्य सुगमता से हो सके। स्टेशनों की कॉ-ब्रांडिंग और 'मोमेंटम 2.0' ऐप का लांच ऐसे कुछ उर्पाय हैं जिन्हें हाल ही में शुरु किए गए हैं।

ट्रेन में ऑडियो विज्ञार्पनों की यह अवधारणा पिनड्रॉर्प मेट्रो टेक प्रा. लि. द्वारा प्रस्तावित है, जो पिनड्रॉर्प मीडिया ग्रुप का हिस्सा है। इस कंपनी की स्थापना प्रसिद्ध मीडियाकर्मी शम्मी नारंग द्वारा की गई है।

### एयरटेल करेगी 700 नयी भर्तियां

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवाये देने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने मोबिलिटी, एयरटेल बिजनेस, होम्स, एयरटेल डिजिटल और नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 100 से अधिक कॉलेजों से 700 से अधिक नए स्नातकों को नियुक्त करने की योजना बनाई है। कंपनी अपने कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम को सक्रिय रूप से विस्तारित कर रही है ताकि नए कॉलेजों में अपनी उपस्थिति स्थापित कर सके और सेल्स, इंजीनियरिंग और बिजनेस सॉल्यूशंस जैसे विशिष्ट रोजगार पर ध्यान केंद्रित कर सके। कंपनी ने आज यहां कहा कि दिल्ली-एनसीआर, एयरटेल के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा केंद्र बना हुआ है। कंपनी आईआईआईटी दिल्ली, डीटीयू, एनएसआईटी, इंदिरा गांधी टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वुमन, इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, एमडीआई, द नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी, गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के साथ रणनीतिक पार्टनरशिप की घोषणा की है। कंपनी युवा प्रतिभाओं को विभिन्न विकास मंच और अवसर प्रदान कर उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करने के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है। इन कैंपस कार्यक्रमों से प्राप्त नए भर्ती को प्रोडक्ट मैनेजर्स, नेटवर्क इंजीनियरों, सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट्स और एनओसी इंजीनियरों जैसी विभिन्न भूमिकाओं के साथ ऑर्गेनाइजेशन में शामिल किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-2 से हराया

कुआलालंपुर। फारवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल की हैट्रिक की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के अपने शुरुआती मुकाबले में मंगलवार को दक्षिण कोरिया को हराया। आज यहां बुकित जलील के राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले के मुकाबले में अरायजीत ने 11वें, 16वें, 41वें मिनट में तीन बार गोल किए, जबकि अमनदीप ने 30वें मिनट गोल किया। दक्षिण कोरिया के लिए दोह्युन लिम ने 38 वें और मिंकवोन किम ने 45वें मिनट ने गोल दागे। भारत ने कोरिया के सर्कल के अंदर बढ़त बनाना जारी रखा और मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। अरायजीत ने 11वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनट में अरायजीत ने दूसरा गोल किया। अमनदीप ने 30वें मिनट में गोलकर बढ़त 3-0 कर दिया। दूसरे हाफ में कोरिया ने 38वें मिनट में डोह्युन के पेनल्टी कॉर्नर स्ट्राइक के अपना पहला गोल किया। मैच के 41वें मिनट में अराजित ने रिवर्स फ्लिक पर अपनी हैट्रिक पूरी की। तीसरे क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते भारत के पास नौ खिलाड़ी रह गए और कोरिया ने इसका फायदा उठाया।

### जिम्बाब्वे ने आयरलैंड टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में किया नये चेहरों को शामिल

हरार। टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम में नये चेहरों को जगह दी है। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 के लिए टीम में कई बदलाव किए गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट और तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू को टीम में शामिल किया है। लेग स्पिनर ब्रैंडन मावुता और बल्लेबाज टोनी मुनयोंगा को भी टीम वापस बुला लिया गया है तथा अफ्रीका क्वालीफायर के पहले मुकाबले में कमर में चोट के कारण बाहर हुए क्रेग एर्विन की भी 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज तेंडाई चटारा, बाएं हाथ के स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्जा, सलामी बल्लेबाज इनोसेंट कैया और निक वेल्च को टीम से बाहर किया है। तीन मैचों की टी-20 सीरीज सात दिसंबर को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगी। जिम्बाब्वे टी-20 टीम इस प्रकार है :- सिकंदर रज़ा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, क्रेग एर्विन, ट्रेवर ग्वांडू, ल्यूक जोंगवे, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तादिवानाशे मारुमानी, ब्रैंडन मावुता, कार्ल मुंबा, टोनी मुनयोंगा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, शॉन विलियम्स और रिचर्ड नगारवा।

### गढ़वाल एफसी की बड़ी जीत

नयी दिल्ली। दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग के एकतरफा मुकाबले में आज गढ़वाल हीरोज एफसी ने 90 मिनट्स एफसी को 23-0 से रौंदकर अपना विजय अभियान जारी रखा। दिन के अन्य एकतरफा मुकाबलों में सुदेवा दिल्ली एफसी ने ग्लोरियस को 8-0 और दिल्ली टाइगर्स ने सीमापुरी को 19-0 से करारी शिकस्त दी। ईमी हीरोज ने जुबां संघा को 2-1 से हराकर संघर्षपूर्ण जीत हासिल की, तो सिग्नेचर ने दिल्ली एफसी को 3-1 से और तरुण संघा ने होप्स को 4-1 हराने में कड़ा संघर्ष किया। उत्तराखंड एफसी और द ड्रीम टीम के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर छूटास जबकि सिटी ने ग्रोइंग स्टार्स को 2-2 के स्कोर पर रोक कर अंक बांटे। गढ़वाल हीरोज के लिए पप्पू ध्योरी ने दोहरी तिकड़ी जमाई। ओम बासफोर और सिद्धार्थ खिंची ने भी हैट्रिक लगाई। ईमी हीरोज के पासोनी वीनी ने दो और दिल्ली टाइगर्स के प्लेयर ऑफ द मैच खुपसांगलेन ने दोहरी हैट्रिक लगाई।

### नीरज ने बुमराह को दी रफ्तार बढ़ाने की सलाह, तरीका भी बताया

नई दिल्ली। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को क्रिकेट में भी काफी रुचि है। वह हाल ही में हुए विश्व कप फाइनल को देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। हालांकि, उस मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उस मैच के दो हफ्ते बाद नीरज चोपड़ा ने क्रिकेट के कई पहलुओं को लेकर बयान दिया है। उन्होंने अपने पसंदीदा पेसर का नाम लिया है। नीरज ने उस पेसर को अपनी स्पीड और बढ़ाने के लिए सलाह भी दी है। उन्होंने जेवलिन थ्रो के अनुभव को बताते हुए उस पेसर को गति बढ़ाने की सलाह दी। टोक्यो ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने जसप्रीत बुमराह को अपना पसंदीदा तेज गेंदबाज बताया है। नीरज ने कहा- मुझे बुमराह पसंद हैं। उनकी बॉलिंग एक्शन यूनिक है। मुझे लगता कि बुमराह अपना रन अप लंबा करना चाहिए ताकि उनकी गति बढ़े। यह मैं अपने जेवलिन थ्रो के अनुभव से बता रहा हूं। हम अक्सर बात करते हैं कि गेंदबाजों को किस प्रकार गति बढ़ानी चाहिए।

### ब्रिस्बेन के मेयर ने ओलंपिक आयोजन समिति से दिया इस्तीफा, आपसी मतभेद बनी वजह

गोल्ड कोस्ट। ब्रिस्बेन के लॉर्ड मेयर एड्रियन श्राइनर ने 2032 में यहां होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति से त्यागपत्र दे दिया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2021 में ब्रिस्बेन को 2032 के खेलों की मेजबानी सौंपी थी लेकिन श्राइनर के इस्तीफे से आयोजकों में आपसी मतभेद का पता चलता है। ब्रिस्बेन ने ओलंपिक के आयोजन के लिए लीडर्स फोरम का गठन किया था जिसमें सरकार के तीनों स्तर और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। लेकिन श्राइनर ने कहा कि इस समूह का उपयोग केवल हितधारकों को खुश करने के लिए किया जा रहा है जबकि सभी अहम फैसले राज्य सरकार कर रही है। श्राइनर ने कहा, 'असलियत यह है कि हम हमेशा टीम के खिलाड़ी बनना चाहते हैं लेकिन राज्य सरकार राजनीति करना चाहती है। हमें महंगे स्टेडियमों की जरूरत नहीं है, हमें बेहतर परिवहन सुविधा की जरूरत है।'

### पिस्टल का सिलेंडर फटा, शूटर ने अंगूठा गंवाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे निशानेबाज की पिस्टल का सिलेंडर हवा भरने के दौरान फट गया। इस दर्दनाक हादसे में निशानेबाज को अपने बाएं हाथ के अंगूठे का ऊपरी हिस्सा गंवाना पड़ा। एयरफोर्स के निशानेबाज पुष्पेंद्र कुमार को सेना के आरएंडआर अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी सर्जरी कर दी गई है, लेकिन भोपाल में चल रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वह नहीं खेल पाएंगे। उनका मंगलवार को मुकाबला निर्धारित है। पुष्पेंद्र चैंपियनशिप के लिए फरीदाबाद की एक निजी शूटिंग रेंज में तैयारी कर रहे थे। बीते शनिवार को उनके पिस्टल के सिलेंडर में हवा खत्म हो गई। उन्होंने पिस्टल के सिलेंडर में हवा भरने के लिए बड़े सिलेंडर में लगाया। इसके बाद पिस्टल का सिलेंडर फट गया। उनके भारतीय शूटिंग टीम के एक कोच का कहना है कि उन्होंने आज तक पिस्टल सिलेंडर फटने की घटना नहीं सुनी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। निशानेबाज की जान भी जा सकती थी। पिस्टल का सिलेंडर छोटे एलपीजी सिलेंडर जैसी ताकत रखता है।

### टॉटैनहेम हॉटस्पर ने मैनचेस्टर सिटी को जीत से रोका, 3-3 से ड्रॉ रहा मैच

नई दिल्ली। गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी का टॉटैनहेम हॉटस्पर के खिलाफ मैच एतिहाद स्टेडियम में 3-3 से बराबरी पर छूटा। सिटी के स्टार एर्लिंग हालैंड मैच के अंत में रेफरी के पेनाल्टी न दिए जाने पर काफी आग-बबूला हो गए। स्टापेज टाइम में रेफरी साइमन हूपर ने जैक ग्रीलिश को पेनाल्टी नहीं दी दी थी। इस पर रेफरी ने हालैंड को चेतावनी भी दी है। दरअसल, हालैंड को टॉटैनहम के रक्षक खिलाड़ी रॉयल एमर्सन ने गिरा दिया था। अंतिम क्षणों में सिटी निर्णायक गोल के लिए प्रयास कर रही थी। जब लग रहा था कि अब सिटी को पेनाल्टी मिलेगी तभी रेफरी ने मैच समाप्ति की लंबी सीटी बजा दी। इस पर हालैंड ही नहीं सिटी के समर्थक भी भड़क गए थे। मैच में सिटी दो बार बढ़त बनाने के करीब आई। छठे मिनट में टॉटैनहम के सोन ह्यूंग मिन ने गोल किया लेकिन तीन मिनट बाद उनके आत्मघाती गोल से सिटी ने बराबरी कर ली।

# नागेश ट्रॉफी में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को हराया, दिल्ली ने महाराष्ट्र को हराया




देहरादून। पुरुषों के राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड 2023-24 (नागेश ट्रॉफी) के छठे संस्करण में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को 64 रनों से और दिल्ली ने महाराष्ट्र को 142 रनों से हराया।

यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में सोमवार को खेले गये दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 177 रन का स्कोर बनाया और इसके जवाब में उसने पांडिचेरी को 19 ओवर में 113 रन पर ढेर कर 64 रन से शानदार जीत दर्ज की। उत्तराखंड की ओर से गंभीर सिंह चौहान ने 68 गेंदों में 81 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में संजय कुमार शाह 44 गेंदों में 110 रनों की शतकीय पारी की बदौलत दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 241 रन बनाए। दिल्ली की गेंदबाजी के आगे महाराष्ट्र की टीम 15 ओवर में 99 रन पर ढेर हो गई, कप्तान नीलेश यादव ने तीन विकेट लिए। संजय को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब देहरादून चरण के दूसरे दिन मंगलवार को कर्नाटक और उत्तराखंड एक-दूसरे से भिड़ेंगे जबकि पांडिचेरी का सामना महाराष्ट्र से होगा।

नागेश ट्रॉफी का छठा संस्करण 23 नवंबर को जम्मू विश्वविद्यालय में ग्रुप ई की चार टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुआ। टूर्नामेंट दो फरवरी 2024 तक चलेगा और लीग स्टेज 29 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा।

जम्मू एवं कश्मीर ने सभी मैच जीते और अब छह अंकों के साथ वह तालिका में शीर्ष पर है। गोवा चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि रेलवे दो अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। पंजाब एक भी मैच नहीं जीत पाई और ग्रुप ई में जम्मू चरण शून्य अंकों के साथ समाप्त हुआ।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी नागेश ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया से हाथ मिलाया है। इस बीच 29 दिसंबर को लीग मैच खत्म होने के बाद क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से जनवरी 2024 में नागपुर, महाराष्ट्र में सुपर आठ स्टेज मैच आयोजित करेगा। नागेश ट्रॉफी के छठे संस्करण के लीग मैच छह स्थानों, जम्मू, देहरादून (उत्तराखंड), कोच्चि (केरल), चंडीगढ़, अगरतला (त्रिपुरा), और कोटा (राजस्थान) में खेले जा रहे हैं। देशभर की कुल 28 टीमें टी-20 प्रारूप टूर्नामेंट हिस्सा ले रही हैं।

### पीसीबी का ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लेने पर रऊफ को नोटिस




**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हारिस रऊफ, उसामा मीर और जमान खान को बीबीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने वाले रउफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीसीबी की मंजूरी मिलने के बाद तीनों खिलाड़ी 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेल सकेंगे। बोर्ड ने कहा है कि 'खिलाड़ियों के कार्यभार और राष्ट्रीय पुरुष टीम के भविष्य के दौरे के कार्यक्रम' को ध्यान में रखते हुए यह मंजूरी दी गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है। उल्लेखनीय है कि सात दिसंबर को (बिग बैश लीग) बीबीएल 2023-24 का पहला मैच खेला जाएगा। इन खिलाड़ियों के पास सिर्फ 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेलने की अनुमति है। ऐसे में उसामा और रऊप मेलबर्न स्टार्स के लिए केवल पांच ही मैच खेल पाएंगे। वहीं जमान भी सिडनी थंडर्स के लिए इतने ही मैच खेल सकेंगे। बोर्ड ने कहा, पीसीबी समझता है कि कार्यभार प्रबंधन के साथ-साथ इस मसले से जुड़े हुए सभी पक्षों के लिए यह एक संतुलित निर्णय है। इसमें सभी हितधारकों का ध्यान रखा गया है। वहीं मेलबर्न स्टार्स की टीम अभी से ही रऊफ के स्थान पर खिलाड़ी ढूंढने कर दिया है। उन्होंने ऑली स्टोन को अभ्यास सत्र के लिए बुलाया था। स्टोन को उनकी टीम में शामिल किया जा सकता है। रऊफ के हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलने के फैसले से नाराज पीसीबी के कई सदस्यों उनकी आलोचना भी की है। इसी संदर्भ में उन्होंने रऊफ को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराकर टी-20 श्रृंखला में बनाई अजेय बढ़त

डुनेडिन। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को न्यूजीलैंड को दूसरा टी-20 मुकाबला 10 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान टीम ने आज यहां टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 137 रन बनाया। पांचवें ओवर की पहली गेंद पर शावाल जुल्फिकार सात रन के रूप में पाकिस्तान को पहला झटका। वहीं मुनीबा अली 35 रन बनाकर आउट हुईं। आलिया रियाज ने नाबाद 32 रन बनाये और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने 21 रन का योगदान दिया। यह पहली बार था पाकिस्तान की महिला टीम ने देश से बाहर श्रृंखला जीतने के सूखे को खत्म किया है। इससे पहले अक्टूबर 2018 में बंगलादेश को हराकर श्रृंखला जीती थी। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सूजी बेट्स, सोफी डिवाइन समेत चार विकेट जल्द ही गंवा दिए। जॉर्जिया प्लिमर ने 28 गेंदों पर 28 रनों की पारी खेली। जॉर्जिया के अलावा न्यूजीलैंड की कोई भी बल्लेबाज 25 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 127 ही रन बना सकी और मुकाबला 10 रनों से हार गई।

## युगांडा ने आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा की

**कंपाला।** युगांडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी-20 महिला विश्वकप क्वालीफायर के लिए 14 खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है।

युगांडा के कोच लॉरेंस सेसेमातिम्बा ने सोमवार को एंटेबे क्रिकेट ओवल में सात से 17 दिसंबर तक होने वाले क्वालीफायर के लिए टीम का ऐलान किया।



सेसमाटिम्बा ने कहा, हम इस टीम को तैयार करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं और आखिरकार हमने उन खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

युगांडा नामीबिया, नाइजीरिया और रवांडा के साथ ग्रुप बी में है और युगांडा टीम की कप्तानी कॉन्सी अवेको करेंगी। ग्रुप ए में जिम्बाब्वे, तंजानिया, बोत्सवाना और केन्या शामिल हैं।

शीर्ष दो टीमें अगले साल दुबई में वैश्विक क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेंगी। 2024 टी20 महिला विश्व कप की मेजबानी बंगलादेश करेगा।

युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ एलन मुगुमे ने कहा, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ किया है कि हम अच्छे मेजबान हैं और एक मजबूत टीम भी मैदान में उतारेंगे जो क्वालीफायर के अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर सके।

युगांडा 10 दिसंबर को रवांडा के खिलाफ क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

#### युगांडा की टीम इस प्रकार है

केविन अविनो, प्रोस्कोविया अलाको, आइरीन अलुमो, जेनेट म्बाबाज़ी, एवलिन एनीपो, कॉन्सी अवेको (कप्तान), पेट्रीसिया मालमेकिया, इमैक्युलेट नकिसुयुई, स्टेफ़नी नैम्पिना, लोर्ना अन्यैत, रीता मुसामाली, एस्तेर इलोकु, मालिसा एरियोकोट, सारा अकीतेंग।

# समुद्री लूटेरों से मिलकर लड़ेंगे भारत-केन्या

## स्टेट विजिट पर पीएम मोदी की केन्याई राष्ट्रपति से चर्चा

केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुटो तीन दिन की स्टेट विजिट पर भारत आए हैं। इस दौरान मंगवार को उन्हें राष्ट्रपति भवन में सेरेमोनियल वेलकम दिया गया। उनके स्वागत के वक्त राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने साझा बयान जारी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मुंबई और मुंबासा को जोड़ता महासागर हमारे रिश्तों का साक्षी रहा है।



उन्होंने हिंद-प्रशांत महासागर में केन्या और भारत में समुद्री लूटेरों और दूसरी चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने की बात कही।

दरअसल, हिंद महासागर और अरब की खाड़ी में सोमाली समुद्री लूटेरों ने सैकड़ों जहाजों पर हमला किया है। इनमें कई बार भारतीय नाविक भी निशाने पर आए हैं। इसके अलावा भारत और केन्या स्पेस और डिफेंस सेक्टर में साझेदारी बढ़ाएंगे।

#### मोदी और रुटो की अहम बातें...

पीएम मोदी ने कहा- पिछली सदी में हमने मिलकर उपनिवेशवाद का विरोध किया। हमारा अतीत भी साझा है और भविष्य भी। आतंकवाद मानवता के खिलाफ सबसे बड़ी चुनौती है। पीएम मोदी ने कहा- केन्या में भारतीय मूल के 80 हजार लोग रहते हैं। वो उनके लिए दूसरे घर की तरह है। इस पर केन्या के राष्ट्रपति रुटो ने कहा कि हमने भारतीयों को 2017 में नागरकिता दी है। अब केन्या उनका दूसरा नहीं पहला घर है। केन्या के राष्ट्रपति ने भारत अफ्रीकन युनियन को त्व20 का सदस्य बनवाने के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा भारत अफ्रीकी देशों को वैश्विक स्तर पर आवाज देने का काम कर रहा है। रुटो ने ये भी कहा कि वो भारत की तरह अपने लोगों के लिए घर और हेल्थ कार्ड बनवाने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा भारत 250 मिलियन डॉलर का कर्ज देकर केन्या को अपने कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए मदद करेगा।

#### कोरोना के वक्त केन्या ने भारत में 14 गाय भेजी

कोरोना की दूसरी लहर में जब भारत जूझ रहा था तब केन्या ने समर्थन देने के तौर पर भारत को 14 गाय भेजी थी। इसका सोशल मीडिया पर काफी मजाक उड़ाया गया था। हालांकि, ये केन्या का ये जाहिर करने का तरीका है कि वो मुश्किल वक्त में साथ है। केन्या ने 9/11 के आतंकी हमले के बाद अमेरिका में भी कुछ गाय भेजी थी। केन्या में काफी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। इन्हें वहां अंग्रेजो ने बसाया था। दरअसल, अंग्रेजी हुकुमत ने 1911 में भारतीय मजदूरों को युगांडा रेलवे के निर्माण के लिए केन्या भेजा था। इसके बाद वो वहीं बस गए।1963 में जब केन्या को आजादी मिली तो भारत सरकार ने नैरोबी में पहला उच्चायुक्त खोला। नैरोबी में खुले हाई कमीशन के बाद दोनों देशों के रिश्ते आगे बढ़े। आज केन्या और भारत यूनाइटेड नेशंस, नॉन-अलाइंड मूवमेंट, कॉमनवेल्थ नेशंस, जी-77 और जी-15 जैसे संगठनों में शामिल हैं। इसके अलावा ओशिन रिम एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन के सदस्य भी हैं।

#### भारत पर निर्भर है केन्या

अगर आर्थिक संबंधों की बात करें तो साल 2010-2011 में केन्या ने भारत से 2.3 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया था।

अर्थव्यवस्था के जानकारों की मानें तो केन्या के साथ होने वाला व्यापार भारत के पक्ष में है। भारत, केन्या के लिए छठां सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और सबसे बड़ा निर्यातक देश है। केन्या, भारत से दवाईयां, स्टील, मशीनरी और ऑटोमोबाइल्स आयात करता है।

### फिलीपींस सेना के हेलीकॉप्टर ने लापता छोटे विमान का पता लगाया

मनीला। फिलीपींस सेना के एक हेलीकॉप्टर ने मंगलवार को इसाबेला प्रांत में एक छोटे लापता विमान के मलबे का पता लगाया लिया है। छोटे विमान में पायलट सहित दो लोग सवार थे। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक प्रांतीय प्रवक्ता के हवाले से मंगलवार को दी। इसाबेला हादसा प्रबंधन टीम अधिकारी जोशुआ हापिनाट ने कहा कि फिलीपींस वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने छोटे विमान के पायलट और यात्री की स्थिति का पता लगाने के लिए पहाड़ के जंगल में गहरे मलबे तक नहीं पहुंच सका। इसाबेला हादसा प्रबंधन टीम के जोशुआ हापिनाट ने कहा कि फिलीपीन वायु सेना का हेलीकॉप्टर लापता छोटे विमान के मलबे के काफी करीब नहीं पहुंच सका। क्योंकि लापता विमान और उसका पायलट तथा यात्री पर्वतीय इलाके के घने जंगलों में गिर गये थे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन टीम पायलट और यात्री का पता लगाने के लिए दुर्घटनास्थल पर एक टीम भेजेगा। फिलीपींस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि एकल इंजन वाला हल्का विमान ने 30 नवंबर को स्थानीय समयानुसार सुबह 9: 39 बजे इसाबेला के कौयान सिटी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, जो कि तटीय शहर पलानन की ओर जा रहा था और कुछ ही समय बाद लापता हो गया था।

### लीबिया ने 147 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा

त्रिपोली। लीबिया के अवैध प्रवासन नियंत्रण विभाग ने सोमवार को कहा कि उसने 147 अवैध प्रवासियों को नाइजीरिया वापस भेज दिया है। यह जानकारी सिन्हुआ ने मंगलवार को दी. विभाग के सूचना एवं दस्तावेज कार्यालय के प्रमुख फथी श्नेब्बूने कहा, नाइजीरिया के 147 अवैध प्रवासियों के एक समूह को त्रिपोली मिटिगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उनके देश भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि निर्वासित प्रवासियों में 122 महिलाएं और 25 पुरुष शामिल हैं। श्नेब्बू ने कहा कि वे प्रवासी आपराधिक समूहों में शामिल थे और मादक पदार्थों की तस्करी, आग्नेयास्त्रों की तस्करी और वेश्यावृत्ति को अंजाम देते थे। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर अल-गद्दाफ़ी के शासन का पतन होने के बाद से देश में अस्थिरता और अराजकता की स्थिति हो गई जिसके कारण कई प्रवासियों, अधिकांश अफ्रीकियों, ने लीबिया से यूरोपीय तटों तक भूमध्य सागर पार करने का विकल्प चुना। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस वर्ष अब तक कुल 15,057 अवैध प्रवासियों को बचाया गया है और लीबिया में वापस लाया गया है।

### जापान में यूनिफिकेशन चर्च की संपत्ति के स्थानांनरण रोकने को विधेयक पारित

टोक्यो। जापान के निचले सदन ने मंगलवार को विवादास्पद यूनिफिकेशन चर्च को संपत्तियों को स्थानांतरित करने से रोकने के लिए एक विधेयक पारित किया। दरअसल जापान में इस प्रकार की चिंताएं बढ़ गई थीं कि धार्मिक समूह मुआवजे की मांग का सामना करते हुए अपने धन को विदेशों में छिपाने का प्रयास करेगा। जापानी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा द्वारा संसद के पूर्ण सत्र में विधेयक को मंजूरी दे दी गई, ताकि आक्रामक दान आग्रह सहित समूह की गतिविधियों का शिकार हुए लोगों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता सुनिश्चित की जा सके। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योडो ने बताया कि इसे अगले बुधवार तक मौजूदा संसद सत्र के अंत तक पारित करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, इसे हाउस ऑफ काउंसिलर्स या उच्च सदन के पास भेजा जाएगा। इससे पहले अक्टूबर में, जापान के शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय ने सदस्यों से आर्थिक रूप से विनाशकारी दान मांगने सहित कथित दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं पर विवादास्पद समूह की एक महीने की लंबी जांच के बाद, यूनिफिकेशन चर्च को भंग करने के लिए एक अदालत के आदेश की मांग करने का फैसला किया। समूह ने हालांकि पिछले महीने समूह की प्रथाओं से प्रभावित पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार द्वारा रखी जाने वाली एक महत्वपूर्ण राशि, कथित तौर पर 10 अरब येन (6.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) तक उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था।

# मुंबई हमले के आतंकी साजिद मीर को जहर दिया

## पाकिस्तान में वेंटिलेटर पर रखा गया; 26/11 अटैक के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी

पाकिस्तान के डेरा गाजी खान जेल में 26/11 मुंबई हमले की प्लानिंग में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के वॉन्टेड आतंकी साजिद मीर को जहर दे दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साजिद फिलहाल वेंटिलेटर पर है। मीर को टेरर फंडिंग के आरोपों में 8 साल की जेल और 4.2 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

लश्कर कमांडर को पिछले साल अप्रैल में गुपचुप तरह से हिरासत में लिया गया था। उसे जून 2022 में की बैठक से ठीक पहले जेल की सजा सुनाई गई थी। स्त्रङ्गस्न एक इंटरगवर्नमेंटल संगठन है जो टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों की जांच करता है।



साजिद मीर अमेरिका में भी एक वॉन्टेंड आतंकी है। FBI ने उसके ऊपर 41.69 करोड़ रुपए का ईनाम रखा है।

#### मुंबई हमलों के दौरान आतंकियों से सीधे संपर्क में था साजिद

FBI के मुताबिक, मीर ने मुंबई हमलों के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाकर अपना चहरा बदलवा लिया था। एक समय में वो लश्कर-ए-तैयबा के लिए लोगों को भर्ती करने के साथ ही अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का मुख्य संचालक था।

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट के दस्तावेजों के मुताबिक, 26/11 हमला करने वाले आतंकी अटैक के वक्त मीर और उसके साथी अबु कहाफा और मजहर इकबाल से सीधा संपर्क में थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि साजिद मीर को जहर दिए जाने की खबर झूठी भी हो सकती है।

### पाकिस्तान में स्कूल के बाहर विस्फोट, सात घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के बाहर हुए विस्फोट में चार बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। जिला आपातकालीन अधिकारी नवीद अख्तर ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई, जहां आज एक स्कूल के पास सड़क के किनारे विस्फोट हो गया। इसमें सात लोग घायल हो गए। घायलों को शहर के लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अस्पताल के प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने मीडिया को बताया कि दो बच्चों की हालत गंभीर है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# दयानंद वत्स भारतीय ने उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व महापौर डॉ.शैली ओबेरॉय का आभार जताया



**नई दिल्ली।** दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली के गांवों में ग्रामोदय योजना शुरू करने के लिए दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली के गांवों की आवासीय इकाईयों पर हाउस टैक्स माफ करने के लिए दिल्ली की महापौर डॉ.शैली ओबेरॉय का आभार जताया है। वत्स ने कहा कि दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना की ग्रामोदय योजना की पहल दिल्ली के गांवों के सर्वांगीण विकास की गारंटी है। इससे दिल्ली के सैंकड़ों गांवों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उप- राज्यपाल दिल्ली के गांवों के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उनके प्रयासों का दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ स्वागत करती है।

वत्स ने कहा कि हाल ही में दिल्ली की महापौर डॉ.शैली ओबराय ने भी दिल्ली के गांवों की आवासीय इकाईयों पर हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा से भी गांव के लाखों लोगों ने राहत की सांस ली है।

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत पिछले कई सालों से दिल्ली के गांवों में हाउस टैक्स खत्म करने की मांग करता आ रहा था।

वत्स ने कहा कि दिल्ली के गांवों में ढांचागत सुविधाओं के लिए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को मिलकर काम करना चहिए। दिल्ली के गांवों को अब हाईटेक और स्मार्ट बनाने का समय आ गया है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में दिल्ली के गांवों में सभी बुनियादी आधुनिकतम सुविधाएं मिलने की आस जगी है। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की महापौर को दिल्ली के गांवों के त्वरित और सम्यक विकास करने की योजनाएं लागू करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के गांवों के मुद्दे उठाने के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह, पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी, दिल्ली सरकार में पूर्व परिवहन मंत्री श्री देवेन्द्र शौकीन, पूर्व सांसद चौधरी तारीफ सिंह, पूर्व विधायक श्री विजय लौचब, श्री मनोज शौकीन, श्री जीतराम सोलंकी, पूर्व वाईस चांसलर दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत सर्वजातीय फेडरेशन के चेयरमैन डॉ.राजबीर सोलंकी, मुनिरका गांव के समाजसेवी श्री रामकुमार टोकस, बेरसराय गांव के चौधरी राजेंद्र पवार, दिचाऊं कलां के श्री शिव शकीन, लिबास पुर गांव के प्रो.हंसराज सुमन, बवाना गांव के डा रामनिवास सहरावत,श्री परमजीत कौशिक, नरेला के श्री प्रदीप खत्री, प्रदीप मंगला, नांगलोई से श्री सुरेश शौकीन, बरवाला गांव के श्री बिजेंद्र ओमप्रकाश डबास, श्री हरिकिशन भारद्वाज , प्रहलादपुर बांगर गांव के श्री अशोक सिंधु,श्री राजेन्द्र मान, सुरेश मास्टर जी, शाहाबाद दौलतपुर गांव के श्री दलबीर राणा, पूठखुर्द गांव के श्री बलराज एवं दलबीर डबास, सुल्तानपुर डबास गांव के श्री नरेश डबास, समयपुर गांव के गजराज सिंह यादव, तिलंगपुर कोटला गांव के श्री बिजेंद्र सहरावत, श्री कृष्णपाल भृगु , नजफगढ़ से श्री चरणसिंह यादव,नांगलोई सैयद से पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, मुंडका गांव से डॉ जीत सिंह यादव , मुबारक पुर डबास गांव के समाजसेवी श्री बिजेंद्र डबास सहित सभी गांवों के संगठनों और ग्रामसेवियों का संगठित होकर इन मुद्दों के लिए संघर्ष करने पर अपना आभार जताया है।

## आकांक्षी नगर योजना के तहत सीएम फेलोशिप प्रोग्राम का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

लखनऊ । (पीएमए) उत्तर प्रदेश सरकार ने आकांक्षी विकास खंड की तर्ज पर अब आकांक्षी नगरों में भी सीएम फेलोशिप प्रोग्राम की शुरुआत कर दी है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश सरकार के नगरीय विकास विभाग ने आकांक्षी नगर योजना के तहत 4 दिसंबर 2023 से सीएम फेलोशिप प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश आकांक्षी नगर योजना जैसी विकास परियोजना शुरू करने वाला देश का पहला राज्य है। अब इस पहल के साथ ही, उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जो युवाओं और नागरिकों को नगरीय विकास, योजना, प्रबंधन और मॉनिटरिंग में सक्रिय भागीदार बनाने का मौका दे रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी कैबिनेट ने हाल ही में 20 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले 100 छोटे शहरों में मूलभूत शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक संरचना के क्षेत्र में सुधार करते हुए रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए 'आकांक्षी नगर योजना' को मंजूरी दी थी। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की आकांक्षी नगर योजना के तहत सीएम फेलोशिप प्रोग्राम महत्वपूर्ण कार्ययोजना है, जिससे शहरी विकास, योजना, प्रबंधन और मॉनिटरिंग में युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। यह अवसर नागरिकों को आत्मनिर्भर विचार, नवाचार और विकास में योगदान करने की शक्ति प्रदान करता है, जो प्रगति और विकास में सकारात्मक परिणामों की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यही नहीं बेहतर प्रदर्शन वाले सफल फेलोज को सरकारी क्षेत्र में प्लेसमेंट का अवसर मिल सकता है। सीएम फेलोशिप प्रोग्राम साझेदारी और कौशल विकास का एक नया अवसर प्रदान करते हुए, उत्तर प्रदेश के नगरीय विकास में अहम भूमिका निभाएगा। सीएम फेलोशिप प्रोग्राम के लिए आवेदक को संबंधित क्षेत्र में स्नातक या उच्चतर डिग्री होनी चाहिए। आवेदकों की अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही उन्हें हिंदी और अंग्रेजी में निपुण होना चाहिए। आवेदकों को कंप्यूटर के साथ ही सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर काम करने की योग्यता होनी चाहिए।

## मुठभेड़ के बाद रेप का आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकर नगर।** (पीएमए) उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में नाबालिग से कथित तौर पर बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान अधियारा थाना क्षेत्र के रहने वाले असगर अली के रूप में हुई है। आरोपी फायरिंग में घायल हो गया, जिसके चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को अधिरिया गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से अली फरार था। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सोमवार रात करीब 10-20 बजे मीरपुर भट्टा के पास संदिग्ध को देखा। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो अली ने पुलिस पर गोली चला दी, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में चोट लग गई। एक अधिकारी ने कहा, जब पुलिस टीम ने घेराबंदी की, तो संदिग्ध मीरपुर भट्टा के पास गया और पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी के घायल होने के बाद, पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर गया। पुलिस टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान अली ने अपना अपराध कबूल कर लिया और उसके कब्जे से एक 315 बोर की पिस्तौल, एक जिंदा और एक खाली कारतूस बरामद किया गया।

# पांच दिवसीय पी एम विश्वकर्मा बैच का शुभारंभ

गाजीपुर। (पीएमए) यूनियन बैंक द्वारा संचालित यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को 5 दिवसीय पीएम विश्वकर्मा बैच (दर्जी)का आज शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्यका अखौरी जिलाधिकारी गाजीपुर एवं क्षेत्रीय प्रमुख के0 डी0 गुप्ता यूनियन बैंक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों में कार्य करने का हौसला कड़ी मेहनत दूरदर्शिता पक्का इरादा लगन शीलता व जीतने का जुनून जिद लगन व आत्मविश्वास से सफलता अर्जित करने के गुण मंत्र प्रदान की एवं गुणों को आत्म सात करने पर जोर दिया वह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने हेतु मार्ग प्रशस्त करने का गुण मंत्र प्रदान की एवं कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचानपत्र के माध्यम से मान्यता दी जाएगी। योजना के तहत 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ 1 लाख रुपये (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक ऋण सहायता दी जाएगी। इसी क्रम में क्षेत्र प्रमुख के0डी0 गुप्ता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से समस्त महिला प्रशिक्षणार्थियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था प्रतिबद्ध है पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ट्रेनिंग पाने वाले कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना के तहत लोगों को 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। साथ ही, 5 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है जिसकी जानकारी क्षेत्र प्रमुख के द्वारा दिया गया ।संस्था के निदेशक संजय सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को ससमय उपस्थित हो के प्रशिक्षण लेने का अनुरोध किया जिससे सबका सर्टिफिकेट मिल सके एवं वहां पर उपस्थित महिला प्रशिक्षणार्थियों सफल उद्यमी बनने का आग्रह किए। अग्रणी जिला प्रबंधक पीयूष सिंह परमार के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के बैंक से होने वाली किसी भी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया एवं डी. सी. एन. आर. एल. एम. गोपाल कृष्ण चौधरी सभी प्रशिक्षणार्थियों को ब्लाक से मिलने वाली सभी योजना की जानकारी दी। जिला सेवायोजन आधिकारी मुकेश कुमार जी रोजगार के प्रति प्रशिक्षणार्थियों को उत्साहित किया। धन्यवाद ज्ञापन अग्रणी जिला प्रबंधक पीयूष सिंह परमार जी के द्वारा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन निदेशक संजय सिंह ने किया इस मौके पर संकाय मुकेश कुमार श्रीवास्तव संकाय लक्ष्मीकांत तिवारी कार्यालय सहायक अभिषेक सिंह कार्यालय सहायक इल्मा नूर आदि उपस्थित रहे।

# पिछडी जाति के गरीबों को दिया जाने वाला शादी अनुदान योजना को अब आनलाइन संचालन करने का निर्णय

आजमगढ़ । (पीएमए) श्री चेतन सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण की ओर से पिछड़ी जाति के गरीबो को दिया जाने वाला शादी अनुदान योजना को अब आनलाइन संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसमें पंजीयन के लिए अब पिता के आधार के साथ-साथ बेटी के आधार की भी ई-केवाइसी सुनिश्चित की जाएगी।

इसके लिए अपना आधार नंम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पंजीकरण करते समय आधार का लिंक मोबाइल नम्बर साथ होना अनिवार्य है, जिससे दोनो के आधार की ई-केवाईसी का अभिप्रमाणन किया जा सकें। प्राप्त ओटीपी से लांगिन कर पंजीकरण में आगे की प्रक्रिया की जाएगी। जिससे वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछड़ी जाति गरीब व्यक्त्यिं की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना को पूर्ण रूप से आधार प्रमाणीकरण कर दिया गया है। इसमें अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर पिछड़े वर्ग के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में रू0 56460 व ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080 है। उन्हें अपनी पुत्री की शादी के लिए अनुदान के रूप में रू0 20000.00 (रू0 बीस हजार) रूपये मिलता है। इसके लिए शादी से तीन माह पूर्व या तीन माह बाद तक आवेदन कर सकते है। इस योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को दो पुत्रयों पर मिलता है। पुत्री की शादी के समय उनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। इसका लाभ देने में दिव्यांग व विधवा को वरीयता दी जाएगी। इसके बाद प्रथम आवत-प्रथम पावत के सिद्वात के आधार पर शादी अनुदान दिया जाता है।

योजनान्तर्गत दस्तावेजों में आनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट, आय, जाति, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आधार लिंग बैंक पासबुक, शादी कार्ड का मूल प्रति, वर व कन्या का उम्र प्रमाण पत्र अनिवार्य है। उन्होने बताया कि पंजीकरण के लिए पहले आवेदक का आधार नम्बर डाला जाएगा। वह आधार जिस मोबइल नम्बर से लिंक होगा उस नम्बर पर एक ओटीपी आएगी। इस ओटीपी को डालने के बाद ओवदन के उस पुत्री का आधार नम्बर डाला आएगा। इसकी भी ओटीपी आधार से लिंक नम्बर आएगी। आवेदनो के आधार का अभिप्रमाणन होने के बाद आवेदन करने के लिए अगली प्रक्रिया सामने आएगी, जिसमें शादी से संबंधित विवरण भरा जाएगा। फाइनल आवेदन के बाद उसकी प्रति संबधित संलग्नकों सहित संबंधित विकास खण्ड कार्यालय पर जमा करना होगा।

पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान में पहले से अब परिवर्तन कर दिया गया है। इसमें अब आवेदन से पहले आधार का अभिप्रमाणीकरण होना अनिवार्य है। शादी अनुदान के लिए आवेदन के समय आधार लिंक मोबइन नंबर निश्चित रूप से लेकर जाए और आवेदन समय से करें। जिस वित्तीय वर्ष में शादी सम्पन्न हुयी हो योजना का लाभ उसी वित्तीय वर्ष में दिया जायेगा, शादी सम्पन होने वाले वित्तीय वर्ष के अवशेष आवेदनो का लाभ अगले वित्तीय वर्ष में अग्रणित नही होगा।

## जिलाधिकारी ने किया महिला छात्रावास, कान्फ्रेंस हाल का निर्माण व वेस्ट कचरा प्रबंधन का स्थलीय निरीक्षण

गाजीपुर। (पीएमए) जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने आज राजकीय महिला डिग्री कालेज गाजीपुर में 200 बेडेड महिला छात्रावास एवं मल्टीपरपज कान्फ्रेन्स हाल के निर्माण,एवं आदर्श गॉव रघुनाथपुर में बन रहे सॉलीड वेस्ट कचरा प्रबन्धन स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजकीय महिला डिग्री कालेज गाजीपुर में 200 बेडेड महिला छात्रावास एवं मल्टीपरपज कान्फ्रेन्स हाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना की स्वीकृत लागत रु.16.24 करोड़ है, जिसके सापेक्ष रू. 5.68 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त की गयी है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष रू. 4.85 करोड़ रूपये व्यय कर कार्य कराया जा रहा है। परियोजना को पूर्ण करने की तिथि 31.08.2024 है। परियोजना स्थल पर 20 श्रमिकों को कार्य करना बताया गया जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाकर निर्धारित समयावधि में परियोजना को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्य स्थल पर उपस्थित अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर द्वारा अवगत कराया गया कि सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता के परिनिरीक्षणीय शिथिलता के कारण कालम की ढलाई के समय शरिंग के फैल जाने के कारण कालम की फिनिशिंग प्रभावित हुई है। जिस पर कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि डी.पी.आर. में वर्णित व्यवस्था के अनुसार ठेकेदार मेसर्स पहलवान कान्स्ट्रक्शन, लखनऊ के विरूद्ध अर्थ दण्ड लगाते हुए वसूली करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि कार्य स्थल पर प्रयुक्त हो रही सामग्री यथा-ईंट, सीमेन्ट, बालू का नमूना एकत्र कर अपनी प्रयोगशाला में जॉच कराकर अवगत करायें।

## जनता दर्शन में आयी शिकायत के संज्ञान पर उपखण्ड अधिकारी निलम्बित

लखनऊ। (पीएमए) प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा के सख्त निर्देश व नाराजगी पर सरोसा फतेहगंज, विद्युत वितरण खण्ड, सेस-2, लेसा, लखनऊ के उपखण्ड अधिकारी अमन तिवारी को कार्यों में लापवाही बरतने, नियमों की अनदेखी करने व कदाचार के गम्भीर प्रकरण में प्रथम दृटया दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल श्री भवानी सिंह खंगारौत ने एसडीओ अमन तिवारी का निलम्बन कर मुख्य अभियन्ता (वितरण) कार्यालय, लेसासिस गोमती, बंग्ला बाजार से संम्बद्ध कर दिया है।

ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा अपने 14-कालीदास आवास पर प्रदेश की जनता जनार्दन की समस्याओं को सुनने और उसका निदान करने हेतु जनता दर्शन लगाकर सप्ताह में दो दिन सोमवार और वृहस्पतिवार को जनसुनवाई करते हैं। मंत्री जी के जनसुनवाई में अभी 04 दिसम्बर को पत्र के माध्यम से सरोसा टिकरा, भरोसा निवासी शिकायतकर्ता श्री श्याम बाबू गुप्ता ने अवगत कराया गया कि उनके द्वारा विद्युत संयोजन लेने के लिए किए गए आवेदन पर एसडीओ अमन तिवारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर बताया गया कि संयोजन हेतु अलग से ट्रांसफार्मर लगेगा और लाइन भी बनानी पड़ेगी।

शिकायतकार्ता श्री श्याम बाबू गुप्ता ने जनता दर्शन में यह भी शिकायत की थी कि उसके निवास के पास वहां पर स्थापित ट्रांसफार्मर से तीन अन्य उपभोक्ताओं को विभाग की मिलीभगत से चोरी से कनेक्शन देकर वहां पर विद्युत चोरी करायी जा रही है। मंत्री जी को की गई इस शिकायत शिकायत पर हुई जाँच में बिजली चोरी कराया जाना सही पाया गया और वहां स्थापित ट्रांसफार्मर से तीन अन्य लोगों को विभाग के 40 मीटर के दायरे को दरकिनार कर 100 से 150 मीटर दूरी तक केबल खींचकर बिजली दी गई थी। ऊर्जा मंत्री ने इस गम्भीर प्रकरण में सख्त नाराजगी व्यक्त की और संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश प्रबंध निदेशक मध्यांचल को दिए थे।

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं का किसी भी रूप में उत्पीड़न व उनके साथ दुर्व्यवहार करना बर्दास्त नहीं किया जायेगा। विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा नियमों की अनदेखी कर विभाग की आँखों में धूल झोकने का कार्य अब बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

# बसपा ने माजिद अली को बनाया सहारनपुर लोकसभा प्रभारी

सहारनपुर। (पीएमए) सहारनपुर के बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा सदस्य फजर्लुरहमान कुरैशी की पिछले काफी दिनों से बसपा को लेकर उदासीनता और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव नजदीक आते देख अपने घर को दुरूस्त करने का बड़ा फैसला करते हुए देवबंद क्षेत्र के बड़े मुस्लिम नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तसमीम बानो के पति माजिद अली को सहारनपुर लोकसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया है। सांसद फजर्लुरहमान ने बसपा के इस कार्यक्रम से खुद को अलग रखा और उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि वह अपने तरीके से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगे हैं और अपने समर्थकों के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं। जल्दी ही कोई निर्णय लेंगे और अपनी चुनावी रणनीति बनाएंगे। फजर्लुरहमान कुरैशी सहारनपुर नगर पालिका के निर्दलीय सभासद भी रहे हैं और बसपा में शामिल होने से पहले वह कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल में भी रहे हैं। बसपा के टिकट पर उन्होंने 2017 में मेयर का चुनाव भी लड़ा था लेकिन भाजपा के उम्मीदवार संजीव वालिया के सामने वे पराजित हो गए थे। ।2019 में उन्होंने बसपा के टिकट पर सहारनपुर लोकसभा का चुनाव लड़ा था और भाजपा सांसद एवं उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा को हराकर लोकसभा सदस्य चुने गए थे। कांग्रेस नेता इमरान मसूद से छत्तीस का आंकड़ा होने के चलते फजर्लुरहमान कुरैशी अपना अलग वजूद बनाने की रणनीति पर काम करते हैं।

पिछले दिनों जब इमरान मसूद बसपा में शामिल हो गए थे और उन्होंने अपनी भाभी को दमदारी से मेयर का चुनाव लड़ाया था तभी से फजर्लुरहमान कुरैशी अपनी अलग और सुरक्षित मंजिल तलाशने में लग गए थे और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के संपर्क में चले गए थे। लेकिन बसपा में अपना भविष्य सुरक्षित ना देखते हुए इमरान मसूद कुछ समय पूर्व फिर से कांग्रेस में चले गए हैं। लेकिन बसपा की चतुर नेता मायावती ने समय रहते फजर्लुरहमान कुरैशी के विकल्प के तौर पर माजिद अली को लोकसभा प्रभारी बना दिया।

कुछ दिन पहले ही माजिद अली ने दलित नेता चंद्रशेखर के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बहुजन समाज पार्टी के वेस्ट यूपी के प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने आज पत्रकारों से बताया कि बसपा ने देवबंद क्षेत्र के दमदार मुस्लिम नेता माजिद अली को पार्टी की ओर से सहारनपुर लोकसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया है।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानो ने की पंचायत

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में औद्योगिक गलियारे के लिये भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने मंगलवार को महापंचायत का आयोजन किया। नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत चार ग्राम पंचायतों से लगभग 1400 एकड़ भूमि का अधिग्रहण औद्योगिक गलियारे के लिए करना है। जिसके लिए प्रशासन ने भूमि चयनित कर शासन को भेज दी है।

# मंडलायुक्त बनास डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया

वाराणसी। (पीएमए) मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने शहंशाहपुर स्थित अमूल प्लांट का दौरा किया। उन्होंने वहां बनास डेयरी द्वारा संचालित गौशाला का भी भ्रमण किया। गौशाला में भ्रूण प्रत्यारोपण के लिए गुजरात से 35 एचएफ गायों को आना है जिसमें 27 गाय गौशाला में आ चुकी हैं। इन 27 में 23 गायों में शाहीवाल व 4 में गिर गाय के भ्रूण प्रत्यारोपित किये गये हैं।

भ्रूण प्रत्यारोपण टेक्निक को यहां 100 किसानों की गायों में भी प्रत्यारोपित किया जायेगा जिसके तहत दुग्ध पालकों की 164 गायों को चुना गया है।

भ्रूण प्रत्यारोपण में कुल 21000 का खर्च आयेगा जिसमें 10000 उत्तर प्रदेश सरकार, 5000 केंद्र सरकार, 5000 बनास डेयरी तथा 1000 रुपये किसान को देना है।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा गंगातिरी गाय को गुड खिलाकर गो पूजन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैम्पस को विकसित करने हेतु सभी सम्भव उपाय करने हेतु निर्देशित किया।

मंडलायुक्त ने शहंशाहपुर स्थित गोवर्धन बायोगैस प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंपनी के लोगों द्वारा बताया गया कि डाईजेस्टर-1 चालू हो गया है तथा डाईजेस्टर-2 को जल्द ही जारी किया जायेगा। नेपियर घास भी बढ़ गयी है जिसका प्रयोग ऊर्जा तत्व के रूप में होता है।

# शार्ट न्यूज

## एनआईसी में मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण का आह्लादक रहा सजीव प्रसारण




सोनभद्र । निष्पक्ष व पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत नियुक्त सहायक आचार्य, स्टाफ़ नर्स आयुष चिकित्सक, शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरित किये लखनऊ के लोक भवन आडिटोरियम में। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 सोनभद्र में द्रष्टव्य रहा और इन प्रसारित परिदृश्यों को मनोभाव देखा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद तथा डॉ0 सुरेश सिंह प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने अन्यान्य जनों सँग। जनपद सोनभद्र के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नव नियुक्त संकाय सदस्यों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर डा0 आर0जी0 यादव ए0सी0एम0ओ0, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन की बैठक 17 दिसंबर को होगी

पटना । (पीएमए) इंडिया गठबंधन की बैठक रद्द होने के बाद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को कहा कि बैठक 17 दिसंबर को होगी। अपनी पार्टी के विधायक शंभू गीत के बेटे के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बक्सर आए लालू प्रसाद यादव से जब पूछा गया कि तीन राज्यों में करारी हार के बाद नई दिल्ली में कांग्रेस द्वारा बुलाई गई बैठक में विपक्षी नेता ने शामिल होने से इनकार क्यों किया, तो उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के पहले से कुछ कार्यक्रम तय थे, मगर विपक्ष की बैठक होगी और वह 17 दिसंबर को होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी तीन राज्यों में चुनाव हार गई है और यह उसके कुछ नेताओं की गलती के कारण हुआ है, लेकिन कांग्रेस कमजोर नहीं है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में करारी हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई थी, लेकिन ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव ने अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त रहने का हवाला देते हुए कहा कि वे अभी बैठक में शामिल नहीं हो सकते।

## हनुमान बेनीवाल सहित 14 सांसदों पर मंडराई आफत

नई दिल्ली। (पीएमए) भारतीय जनता पार्टी के 13 सांसदों की संसद सदस्यता या फिर विधानसभा सदस्यता चली जाएगी। इसमें राजस्थान आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाली भी शामिल हैं। जानिए आखिर ऐसा क्यों होने जा रहा है - भारतीय जनता पार्टी ने इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में 21 सांसदों को भी विधानसभा चुनाव का टिकट दिया था। इसमें में से 13 सांसदों ने विधायकी का चुनाव जीत लिया है। इसके साथ ही इन सभी पर दोहरी सदस्यता का खतरा मंडराने लगा है। नियम के अनुसार किसी भी दूसरे सदन का चुनाव जीतने के 14 दिन के भीतर एक सदन से इस्तीफा देना पड़ता है। ऐसे में इन 13 सांसदों की या तो विधायकी जाएगी या फिर सांसदी। 14 दिनों की गिनती 3 दिसंबर से ही होगी। लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी ने बताया कि 14 दिन के अंदर अगर किसी ने स्वेच्छा से दोनों सदनों में से किसी एक को नहीं चुना तो संसद की सदस्यता गंवानी पड़ेगी।

## यूपी में 1,000 अत्याधुनिक बसों से रोडवेज परिवहन की तस्वीर बदलेगी सरकार

लखनऊ। (पीएमए) उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में रोडवेज बसों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने और नई 1,000 बसों को बेड़े में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बेड़े में 1000 अत्याधुनिक बसों को जोड़े जाने के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। हाल में हुई कैबिनेट बैठक में बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मंजूरी देते हुए अब 400 करोड़ रुपए के सापेक्ष दूसरी किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे पहले, पहली किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए का धन आवंटन किया जा चुका है। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इन 1000 बसों के क्रय व बेड़े में शामिल की जाने की प्रक्रिया को वित्तीय वर्ष 2023-24 के भीतर पूर्ण करने का टारगेट रखा गया है।

## दो वाहनों में टक्कर, एक की मौत

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के तालबेहट क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की टक्कर से मिनी ट्रक के क्लीनर की मौत हो गयी जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि झांसी के ओरछा गेट निवासी चालक प्रकाश (45) और क्लीनर रवि मध्य प्रदेश की तरफ से अपनी डीसीएम लेकर झांसी जा रहे थे, वह कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत राजमार्ग 44 पर स्थित ग्राम टेटा जमालपुर के पास पहुंचे ही थे कि आगे जा रहे कंटेनर में डीसीएम पीछे से जा टकराई। इस हादसे में गाड़ी चला रहा क्लीनर व पास में बैठा ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कंटेनर व डीसीएम को अलग अलग कराकर गैस कटर से डीसीएम के केबिन को कटवा कर घायलों को बाहर निकाल कर जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने क्लीनर रवि को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल ड्राईवर प्रकाश को प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी मेडीकल कालेज रैफर कर दिया।

## मथुरा में छह दिसंबर को जिला प्रशासन रहेगा चौकन्ना

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा के जिला प्रशासन ने छह दिसंबर के मद्देनजर एहतियात के तौर पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये है। जिला प्रशासन ने कहा कि वे नगर में किसी नई परंपरा शुरू करने की इजाजत कतई नहीं देगा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि किसी नई परंपरा की शुरूवात नही होने दी जाएगी। आज उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ कुछ मन्दिरों के साथ कुछ क्षेत्रों का दौरा किया। यह भी देखा कि किसी भी भक्त को दर्शन करने में कोई परेशानी तो नही हो रही है। उन्होंने कहा कि धारा 144 पहले से लगी हुई है हालांकि इसे छह दिसंबर से नही जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि धारा 144 के प्राविधानों को पहले से ही अनुपालन कराया जा रहा है तथा आगे भी कराया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि आज की पुलिस गश्त के कोई अलग मायने नही लगाए जाने चाहिए क्योंकि यह एक नियमित प्रक्रिया है जिसमें भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में इसे रोज ही किया जाता है।

## जौनपुर में मजदूर गहरे गड्ढे में दबा,मौत

जौनपुर । उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र में सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट में काम कर रहे एक मजदूर की मंगलवार को गहरे गड्ढे में मिट्टी में फंसने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंडी अहमद खां मुहल्ले में सीवर लाइन के लिए खुदाई का काम चल रहा है जिसमें गाजियाबाद निवासी श्रमिक रिजवान करीब आठ फिट गहरे गड्ढे में मिट्टी सही कर रहा था, इस बीच ऊपर से मिट्टी भरभराकर गिर गई और वह उसमें दब गया। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली और लाईन बाजार की पुलिस पहुँच गई थी और श्रमिक को निकालने का काम शुरू किया गया। श्रमिक को मूर्छित अवस्था में बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी ने बताया कि शिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत इंफ्राटेक कंपनी गाजियाबाद का काम चल रहा था , जिसमें एक मजदूर खोदे गए गड्ढे में गिर गया और उसके ऊपर मिट्टी आ गई।

CMYK CMYK CMYK CMYK